दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 316 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 11 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# राजस्थान के सर्वांगीण विकास के स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत

## प्रवासी राजस्थान दिवस सम्मेलन में 1 लाख करोड़ के समझौत

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, पीयूष गोयल, सीआर पाटील और गुलाबचंद कटारिया ने भजनलाल सरकार की ओर से प्रदेश में नए औद्योगिक माहौल बनाने के लिए किए गए प्रयासों और निर्णय की जमकर तारीफ की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बुधवार भगवान श्री गणेश को समर्पित दिन माना जाता है बुधवार के दिन ही प्रदेश की भजनलाल सरकार और देश दुनिया से आए प्रवासी राजस्थानियों ने आपस में दिल और दिमाग दोनों मिलाते हुए प्रदेश के विकास के एक स्वर्णिम युग की शुरुआत कर दी है। करीब 1 लाख करोड़ के समझौते होने के साथ-साथ सरकार की ओर से 13 नई नीतियां जारी की गई जिनकी वजह से विभिन्न क्षेत्रों में किए गए 1 लाख करोड़ के समझौते ठीक उसी तरह से धरातल पर उतरते हुए दिखेंगे जैसे राइजिंग राजस्थान के 35 लाख करोड़ के समझौते में अब तक करीब 8 लाख करोड़ के समझौते धरातल पर उतर गए हैं। इतने कम समय में राइजिंग राजस्थान के टोटल समझौता में एक चौथाई समझौते के धरातल पर उतर जाने के इस कार्य को देखकर सम्मेलन में शामिल होने आए । सभी केंद्रीय मंत्रियों और यहां तक की राजस्थान के पूर्व मंत्री और पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्वऔर भजनलाल सरकार की नीतियों कार्यशैली और निर्णय की जमकर प्रशंसा की । केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, मनोहर लाल खट्टर, सीआर पाटील और पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने दिल खोलकर भजनलाल सरकार के कार्यों की जमकर प्रशंसा की और इन नेताओं ने सम्मेलन में आए प्रवासी राजस्थानियों को यह भरोसा भी दिलाया कि राजस्थान के शासन की बागडोर एक कुशल मुख्यमंत्री के हाथों में हैं जिन्होंने पिछले 2 साल के कार्यकाल में ही कई बड़े फैसले और कई बड़े निर्णय लेकर राजस्थान में पानी बिजली सड़क चिकित्सा सौर ऊर्जा कृषि वस्त्र उद्योग खनन पेट्रोकेमिकल्स इत्यादि क्षेत्रों में उद्योगों को विकसित करने के लिए जो एक श्रेष्ठ और सुगम प्लेटफॉर्म तैयार किया है। उस प्लेटफार्म पर प्रवासी राजस्थानी भी अपने उद्योगों को उस स्पीड से गति दे सकेंगे जैसे राइजिंग राजस्थान में हुए समझौते को धरातल पर लाने के लिए भजनलाल सरकार की जो स्पीड बनी हुई है । बड़ी बात यह है कि पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया जो पूर्व में भेरू सिंह शेखावत और वसुंधरा राजे सरकार में बड़े विभागों की बागडोर संभाल चुके हैं उन्होंने भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व और उनकी नीतियों और निर्णय की प्रशंसा की । इसके अलावा वेदांता समूह के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने भी यह स्वीकार किया कि इस बार प्रदेश सरकार ने उद्योगों को विकसित करने के लिए जो माहौल और प्लेटफार्म तैयार किया है ऐसा प्लेटफॉर्म राजस्थान में पहले कभी देखने को नहीं मिला। इसलिए अब हर कोई यह कह रहा है कि इस बार चाहे राइजिंग राजस्थान हो या फिर प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह इन सम्मेलनों के तहत जितने भी समझौते हुए हैं उन सभी समझौते के धरातल पर आने के पूरे चांस हैं । क्योंकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद इन समझौते में होने वाले तमाम समझौते के क्रियान्वयन की प्रक्रिया पर नियमित रूप से अपडेट लेते रहते हैं और आवश्यक दिशा निर्देश भी देते रहते हैं इसके अलावा एक व्यवस्थित तरीके से अलग-अलग विभागों सेजुड़े समझौते के धरातल पर लाने के लिए अलग-अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाती है । यही वजह है कि इतने कम समय में राइजिंग राजस्थान के एक चौथाई समझौते धरातल पर उतर गए । बड़ी बात यह है कि राजस्थान के इतिहास में यह पहली बार इस तरह का आयोजन हुआ जब देश और दुनिया में अलग-अलग क्षेत्र में अपना नाम कमा रहे प्रवासी राजस्थानियों को जयपुर में एक मंच पर लाया गया इस तरह का आयोजन प्रदेश में अब तक किसी भी पार्टी की सरकार ने नहीं किया था लेकिन भजनलाल शर्मा ने अपने कार्यकाल के दूसरे साल के अंतिम दिनों में इस महत्वपूर्ण सम्मेलन का आयोजन करके राजस्थान के विकास को हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ाने का जो बीड़ा उठाया है वह निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना को पूरा करने के क्रम में राजस्थान को विकसित राज्य बनाने की दिशा की ओर बढ़ता हुआ दिख रहा है ।





## एनर्जी का सुपर हाईवे राजस्थान से होकर ही निकलेगा: मनोहर लाल खट्टर



प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि विकसित राजस्थान 2047 में भी ऊर्जा का विशेष महत्व रहेगा । सौर ऊर्जा का जो टारगेट 2030 में पूरा करना था वह 2025 में ही पूरा कर लिया। उन्होंने कहा कि 2030 तक 300 मेगावाट ग्रीन ऊर्जा करने का लक्ष्य है राजस्थान में सोलर का पोंटेशियल है और राजस्थान देश भर में सौर ऊर्जा में सबसे आगे चल रहा है । उन्होंने कहा कि राजस्थान में कुछ सुधार की जरूरत है जिन्हें केंद्र सरकार दूर कर रही है उन्होंने कहा कि एनर्जी का सुपर हाईवे राजस्थान से होकर ही निकलेगा क्योंकि राजस्थान में सूर्य से बिजली पैदा करने की अपार संभावनाएं हैं। यहां की गर्मी और यहां की गर्म बालू रेत सौर ऊर्जा उत्पादन का बड़ा माध्यम बन गई है इसलिए अब राजस्थान के रेतीले टीले सौर ऊर्जा का बड़ा माध्यम बन गए हैं । उन्होंने कहा कि राजस्थान में डिस्ट्रीब्यूशन लाइनों की कठिनाइयों को दूर किया जा रहा है प्रीपेड स्मार्ट मीटर की भी कुछ परेशानियों को भी दूर किया जा रहा है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था के विकास में ऊर्जा का महत्वपूर्ण योगदान होता है बिना बिजली के कोई भी प्रदेश और कोई भी राष्ट्र तरक्की नहीं कर सकता इसलिए ऊर्जा के क्षेत्र में सबसे ज्यादा कार्य करने की जरूरत है। जिसमें हमने पहले कोयले से वायु से पानी से बिजली पैदा करने का सिलसिला शुरू किया और अब सूर्य से बिजली पैदा करने का कार्य शुरू किया गया है उन्होंने कहा कि देश में विभिन्न माध्यमों से ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है और सूर्य का सौर ऊर्जा क्षेत्र पर अधिकार है लेकिन अब हम सूर्य की तपत और रेगिस्तान की तपत से बिजली उत्पादन की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं । जिसमें राजस्थान ने बहुत अच्छा कार्य किया है उन्होंने कहा कि ग्रीन एनर्जी की आवश्यकता में बढ़ोतरी हो रही है और 20500 करोड़ की लागत से ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर बनेगा राइजिंग राजस्थान के स्थान पर लीडिंग राजस्थान बनने की शुभकामनाएं भी केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने दी उन्होंने कहा कि देश में अब पावर सरप्लस की स्थिति में है और अब हम पावर का निर्यात कर रहे हैं पावर ट्रांसमिशन की बड़ी समस्या है । जिसका समाधान खोजा जा रहा है द्य खट्टर ने प्रवासी राजस्थानियों से कहा कि राजस्थान में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में काम करने की अपार संभावनाएं हैं और इस क्षेत्र में यहां इन्वेस्ट करने पर अच्छी सफलता हासिल की जा सकती है ।

## कार्यक्रम में भावुक हुए गुलाबचंद कटारिया ने कहा मुझे पीयूष गोयल ने प्रवासी बना दिया



प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह में पंजाब के राज्यपाल और राजस्थान के पूर्व मंत्री गुलाबचंद कटारिया काफी भावुक हो गए उन्होंने अपने भाषण में राजस्थान की अपनी जन्मभूमि के प्रति अपना गहरा लगाव व्यक्त करते हुए कहा कि भले ही केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने उन्हें पंजाब का प्रवासी बना दिया हो लेकिन उनका दिल आज भी राजस्थान में ही बसता है । उन्होंने कहा मुझे जिंदगी का अंतिम दिन यही गुजारने देना यही मेरी भगवान से प्रार्थना है कटारिया ने देश और दुनिया में बसे प्रवासी राजस्थानियों से अपनी जन्मभूमि के विकास में सक्रिय रूप से योगदान देकर जन्मभूमि का कर्ज उतारने का आवाहन किया उन्होंने कहा कि आज राजस्थान में निवेश के लिए सभी आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर और संसाधन उपलब्ध हैं राजस्थान में अब रेलवे सड़क एयरपोर्ट की कोई कमी नहीं है प्रधानमंत्री के प्रयासों से कोई भी आदिवासी गांव ऐसा नहीं बचा है जहां तक सड़क नहीं पहुंची हो राज्यपाल ने कहा कि राज्य में हर घर तक बिजली पानी पहुंचा है शिक्षा का स्तर भी तेजी से बड़ा है यहां इन्वेस्टर को स्थानीय मैनपॉवर आसानी से मिल सकेगी ।

## 'जहां न पहुंचे, बैलगाड़ी वहां पहुंचे मारवाड़ी 'विशेष फिल्म को देखकर रोमांचित हो उठे प्रवासी राजस्थानी, कार्यक्रम के शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मोती डूंगरी गणेश मंदिर में पूजा करने पहुंचे

प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह स्थल पर भजनलाल सरकार की ओर से जहां न पहुंचे बैलगाड़ी वहां पहुंचे मारवाड़ी नामक शीर्षक एक फिल्म का प्रदर्शन किया गया । जिसे देखकर प्रवासी राजस्थानी और आगंतुक सभी मेहमान काफी रोमांचित और खुश हो उठे यह फिल्म प्रवासी राजस्थानियों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी रही । आयोजन से पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मोती डूंगरी गणेश मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्य की समृद्धि की कामना की और जयपुर एग्जिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर पर आयोजित किया जा रहे कार्यक्रम स्थल पर प्रगति पथ थीम पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें राज्य सरकार की उपलब्धियां और विकास यात्रा को बारीकी से दिखाया गया इस प्रदर्शनी को देखकर भी आगंतुक मेहमान प्रदेश की भजनलाल सरकार को लेकर काफी प्रभावित दिखे ।

## राजस्थान के लोगों की विश्वसनीयता प्रदेश की सबसे बड़ी पूंजी : पीयूष गोयल



प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह में शामिल होने आए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि राजस्थान के लोगों की विश्वसनीयता प्रदेश की सबसे बड़ी पूंजी है उन्होंने कहा कि 35 लाख करोड रुपए के समझौते में से एक चौथाई 1 साल से कम समय में धरातल पर उतर चुके हैं । जिसके लिए उन्होंने भजनलाल सरकार को बधाई दी उन्होंने कहा कि जिस तरह से राइजिंग राजस्थान के समझौते धरातल पर उतर रहे हैं उससे साफ जाहिर होता है कि भजनलाल सरकार कितनी अच्छी तरीके से कार्य कर रही है । पीयूष गोयल ने अपने भाषण में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भजनलाल सरकार के कार्यों की खूब प्रशंसा की और कहा कि भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में कैसे धरातल पर राइजिंग राजस्थान के समझौते उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में एक करोड़ से भी ज्यादा प्रवासी राजस्थानी रहते हैं जिन्होंने अलग-अलग कोनों में देश और राजस्थान का मान सम्मान ऊंचा किया है गोयल ने लोकप्रिय कहावत का जिक्र करते हुए कहा जहां न पहुंचे बैलगाड़ी वहां पहुंचे मारवाड़ी यह कहावत आप लोगों ने सही साबित की है उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी देश या विदेश के किसी भी कोने में चले जाएं वहां एक सफल राजस्थानी और एक सफल राजस्थानी समाज जरूर मिलेगा जो आपकी खातिरदारी करेगा और भारत का नाम गौरवान्वित करेगा । उन्होंने कहा कि राजस्थान के लोगों ने कभी चुनौतियों के सामने सर नहीं झुकाया जो उनकी मेहनत और समर्पण भाव को दर्शाता है उन्होंने कहा कि इन्वेस्ट और व्यापार के लिए विश्वास को सबसे जरूरी माना जाता है और यह विशेषता राजधानियों में कूट-कूट कर भरी हुई है गोयल ने कहा कि राजस्थान के लोगों की डिपेंड एबिलिटी बहुत महत्वपूर्ण है । आप राजस्थान के लोगों पर भरोसा कर सकते हैं राजस्थान के लोगों के लिए यह माना जाता है कि अगर कुछ कहा तो वादा जरुर निभाया जाएगा। यह विश्वसनीयता समर्पण से आती है जो व्यापारिक संबंधों को मजबूत करती है पीयूष गोयल ने प्रवासी राजस्थानियों की वैश्विक ताकत को रेखांकित करते हुए कहा कि राज्य की प्रगति के लिए यह संयोजन बेहद महत्वपूर्ण है पूरे विश्व में एक करोड़ से भी ज्यादा प्रवासी राजस्थानी निवास करते हैं जब इन प्रवासियों के साथ ऐसा नेतृत्व हो जो हिम्मत करके फैसला लेने के लिए तत्पर है तो फिर प्रदेश में डिमांड अपने आप ही बढ़ जाती है राजस्थान की बनी हुई वस्तुएं विश्व बाजार में विविधता भरी आकर्षक और उच्च क्वालिटी मानी जाती है इसलिए राजस्थान के उत्पादों की मांग अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी मजबूत होती है। गोयल ने प्रवासी राजस्थानियों से कहा कि राजस्थान में इन्वेस्ट करने में उन्हें फायदा ही फायदा है और इससे उनका अपनी माटी से जमीनी जुड़ाव भी बना रहेगा ।

## वेदांता समूह के अनिल अग्रवाल ने इंडस्ट्रियल पार्क बनाने की घोषणा की और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की भी खूब तारीफ की



वेदांता ग्रुप के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह में कहा कि राजस्थान में असीम विकास की संभावनाएं हैं उन्होंने कहा कि आज भारत में आने वाला हर बड़ा निवेशक राजस्थान को अपनी प्राथमिक पसंद के रूप में देख रहा है। अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान की भूमिगत संपदा इतनी विशाल है कि यहां पूरी दुनिया की जरूरत के खनिज उपलब्ध कराने की क्षमता है उन्होंने बताया कि राज्य में खनिजों के 40 अनोखे पत्थर है जो दुनिया में कहीं नहीं मिलते । उन्होंने कहा कि वेदांता समूह की ओर से राजस्थान में एक इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना की जा रही है । जिसमें करीब 300 फैक्ट्रियां स्थापित हो सकती हैं उन्होंने कहा कि वेदांता समूह प्रदेश के राजकोष में तीन लाख करोड रुपए टैक्स के रूप में जमा करा।चुका है उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यकाल में व्यापार के माहौल को सुगम बनाने की सराहना की।

## साल में दो बार अपने परिवार के साथ आए एक टिकट में चार-पांच फिल्म देख सकेंगे: भजनलाल शर्मा



प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों से राजस्थान की यात्रा करने का आवाहन किया और कार्यक्रम में आने के लिए सभी मेहमानों का आभार जताया उन्होंने कहा कि राजस्थानी प्रवासी भाई देश और दुनिया में कहीं भी हो लेकिन वह अपनी मिट्टी से आज भी जुड़े हुए हैं ।उन्होंने कहा कि जीवन आपको भले ही दुनिया के किसी भी हिस्से में ले गया हो लेकिन आपका दिल यहां की मिट्टी यहां की संस्कृति के लिए हमेशा धड़कता रहता है। इस कार्यक्रम में 20 देश के 5000 से अधिक प्रवासी प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं उन्होंने कहा कि उनकी सरकार प्रवासी राजस्थानियों को उनकी मातृभूमि से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है पिछले साल हमने प्रवासी राजस्थानियों के लिए एक विशेष विभाग और विशेष नीति लाने की घोषणा की थी प्रवासी राजस्थानी मामलात विभाग का गठन हमने कर दिया है हमारा मकसद है कि आप दुनिया में कहीं भी रहे आपको दूरी महसूस ना हो आपका हर काम आसानी से हो हमने वादे के अनुसार प्रवासी राजस्थानी नीति भी तैयार की है जिसे आज से लागू किया जा रहा है। इस नीति से प्रवासी राजस्थानी भाई बहनों को पहचान सम्मान सुविधा आसान निवेश और मातृभूमि के विकास में हिस्सा लेने का रोड मैप भी मिलेगा मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि यह समझ सिर्फ एक आयोजन नहीं है हमारी संस्कृति और उपलब्धियां का मिलन है विकास में भागीदारी बने का उत्सव है पिछले वर्ष हमने राइजिंग राजस्थान का आयोजन कर देश और दुनिया के प्रवासी राजस्थानियों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया था उन्होंने कहा कि राजस्थान में पर्यटन के लिए बहुत सारे विकल्प हैं। राजस्थान से निराला कोई प्रदेश नहीं है हमारे यहां डेजर्ट हैं झील हैं अभयारण्य हैं किले महल शेखावाटी की हवेलियां हैं कोई अगर राजस्थान के अलावा किसी दूसरे स्टेट में घूमने जाता है तो वह एक ही जगह जा पता है और एक ही जगह देख पता है लेकिन अगर कोई व्यक्ति राजस्थान आएगा तो एक टिकट में चार से पांच फिल्म देखकर जाएगा। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से कहा कि वह अपने परिवार के साथ हर साल दो बार राजस्थान जरूर आए उन्होंने कहा कि मां बच्चों को कभी नहीं भूलती और बच्चे मन को भी कभी नहीं भूलते मेरा आग्रह है कि आप साल में काम से कम दो बार अपने परिवार के साथ राजस्थान जरूर आए ताकि आपके अपने बच्चे और नाती पोती अपनी जड़ों अपनी कहानी और अपनी पहचान से जुड़े रहें जब प्रवासी समुदाय जुड़ा रहता है तो विरासत जिंदा रहती है और जब विरासत जिंदा रहती है तो भविष्य को और मजबूती मिलती है ।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के बीच शानदार समन्वय

अगर किसी प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री दोनों के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय होता है तो फिर निश्चित रूप से उस प्रदेश का सर्वांगीण विकास भी तेज गति से आगे बढ़ता रहता हो। राजस्थान में भी राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बीच शुरू से ही काफी अच्छा तालमेल और समन्वय बना हुआ है दोनों ही नेताओं के बीच समय-समय पर आपस में मुलाकात भी होती रहती है और प्रदेश के सभी विषयों को लेकर आपस में चर्चा भी करते रहे हैं बुधवार को भी प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह में हरिभाऊ बागडे और भजनलाल शर्मा दोनों साथ-साथ आए दोनों को साथ-साथ देखकर लोगों में चर्चा हो रही थी कि दोनों के बीच बहुत ही तालमेल बना हुआ हो जो प्रदेश के विकास के लिए जरूरी भी है कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि राजस्थान की धरती भक्ति की धरती है शक्ति की धरती है और लक्ष्मी की भी धरा पुत्र है उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह प्रवासी राजस्थानियों को अपनी मातृभूमि से जोड़ने और सेवा करने का एक मजबूत माध्यम है उन्होंने कहा कि भारत और दुनिया के कोने-कोने में प्रवासी राजस्थानी अपने बुद्धि कौशल ईमानदारी और मेहनत से राजस्थान और देश का मान सम्मान बढ़ा रहे हैं ।

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
11 दिसम्बर, 2025

# जिला कलक्टर ने ली राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 11 से 25 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा बैठक

## आपसी समन्वय से सभी कार्यक्रमों का समयबद्ध एवं सफल क्रियान्वयन कराने के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 11 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा -निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 11 से 25 दिसम्बर तक जिला स्तर पर 13 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन होगा। अतः संबंधित विभागीय अधिकारी नोडल अधिकारी से समन्य स्थापित कर इन कार्यक्रमों की तैयारी को अंतिम रूप प्रदान करते हुए इनका सफल क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता, आरटीओ व ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्धारित कार्यक्रमों के अनुरूप 11 से 25 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले सडक सुरक्षा अभियान के तहत सडक सुरक्षा रथ, पोस्टर, वाहन रैली, वाहन चालकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जावे। उन्होंने सीडीईओ को निर्देश दिये कि अभियान के तहत स्कूल व कॉलेजों में निबंध, रंगोली, शपथ, वाद-विवाद, आदि आयोजित कराए जावे। उन्होंने सीईओ जिला परिषद को निर्देश दिये कि 12 दिसम्बर को सडक सुरक्षा अभियान के तहत जिले की हर विधानसभा में प्रतिदिन 5-5 प्रचार रथ रवाना कराकर जिले में सडक जागरूकता के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कराकर आमजन को जागरूक करें। इन कार्यक्रमों के लिए नोडल अधिकारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी होंगे। उन्होंने 12 दिसम्बर से ही जिले में आयोजित होने वाले स्वच्छता कार्यक्रम की समीक्षा कर कहा कि स्वच्छता कार्यक्रम के तहत सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों, नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन होगा इसमें हर विभाग की भागीदारी सुनिश्चित की जावे। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन कराने तथा सीईओ जिला परिषद को जिले के हर गांव में श्रमदान व रैली का आयोजन कराने के निर्देश दिये। साथ ही निर्देश दिये कि स्मारकों, मंदिरों एवं सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की साफ-सफाई, विद्यालयों में स्वच्छता रैली, चित्रकला प्रतियोगिता, स्वच्छता शपथ, सौंदर्यकरण व रंगोली आदि गतिविधियां कराई जावे। इसके साथ ही जिले के प्रमुख स्थलों को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त जोन घोषित किया जावे, प्लास्टिक के विकल्प के रूप में कपडे/कागज के थैलों व बैग का वितरण किया जावे। इस कार्य में जनप्रतिनिधि को आमंत्रित कर आमजन का सहयोग लिया जावे। इन कार्यक्रमों के लिए नोडल अधिकारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी होंगे। उन्होंने 15 दिसम्बर को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह के तहत मुख्य आयोजन एवं लाभार्थी सम्मेलन के जिला स्तरीय कार्यक्रम की समीक्षा कर पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि कार्यक्रम में जिले की परियोजनाओं, विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास एवं लाभार्थियों को राशि के आवंटन की सूची तैयार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि कार्यक्रम के दौरान आरोग्य कैम्प एवं रक्तदान शिविर के आयोजन हेतु पर्याप्त संख्या में चिकित्सक, स्टॉफ एवं सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने 16 दिसम्बर को जिला स्तर पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय प्रदर्शनी की तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिला स्तरीय प्रदर्शनी हेतु सभी आवश्यक तैयारी को अंतिम रूप प्रदान करें। उन्होंने निर्देश दिये कि राजकीय कार्यालयों में एक घण्टे का साफ-सफाई अभियान आयोजित करावे। साथ ही सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु विधासभाओं में 12 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक एलईडी मोबाइल वैन अभियान का सफल क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने 17 से 24 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले ग्रामीण एवं शहरी सेवा फोलोअप शिविर की तैयारियों की समीक्षा कर जिला परिषद के सीईओ, नगर निगम आयुक्त, उपखण्ड अधिकारी, विकास अधिकारी, नगर पालिकाओं के अधिशासी अभियन्ताओं एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि फोलोअप शिविर के दौरान पूर्व में संचालित कैम्प में शेष रहे परिवेदनाओं का निस्तारण करने के साथ शिविर में आने वाले फरियादियों की परिवेदनाओं का मौके पर निराकरण करें। साथ ही निर्देश दिये कि ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों इन शिविरों का नियमित दौरा कर आमजन की परिवेदनाओं एवं शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेवे। उन्होंने 18 दिसम्बर को आयोजित होने वाले महिला सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना, पालनहार योजना, ट्रांसपोर्ट वाउचर योजना, बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना, लखपति दीदी ऋण सहायता के तहत राशि का हस्तांतरण एवं छात्राओं को साइकिल व स्कूटी वितरण एवं लखपति दीदियों को टेबलेट वितरण हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने 19 दिसम्बर को आयोजित होनेवाले किसान सम्मेलन-उन्नत खेती समृद्ध किसान (आगे बढ रहा राजस्थान) कार्यक्रम हेतु किसान सम्मान निधि की किस्त व मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के पशुपालकों को राशि का हस्तांतरण, अनुदान इत्यादि की तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिये। उन्होंने 21 दिसम्बर को आयोजित होने वाले रन फोर विकसित राजस्थान के आयोजन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिला स्तर पर कार्यक्रम के आयोजन हेतु स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों, सामाजिक संस्थाओं, संगठनों, जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही जिला युवा अधिकारी को निर्देश दिये कि इसके लिए माई भारत पोर्टल पर आवेदन करावे। उन्होंने 22 दिसम्बर को आयोजित होने वाले युवा-रोजगार दिवस की तैयारियों की समीक्षा कर रोजगार अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्यक्रम के दौरान युवाओं को वितरित किए जाने वाले नियुक्ति पत्रों, युवाओ को स्वरोजगार हेतु ऋण संबंधी योजना आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर नियुक्ति पत्र वितरण के लिए ग्रामीण विकास विभाग नोडल अधिकारी होगा। उन्होंने 23 दिसम्बर को आयोजित होने वाले पर्यावरण संरक्षण अभियान की तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि अभियान के तहत मिशन लाइफ, सिंगल यूज प्लास्टिक, ई-वेस्ट प्रबंधन एवं सोलिड वेस्ट प्रबंधन हेतु जागरूकता गतिविधियां आयोजित करावे। साथ ही ग्रीन लंग्स मुंगस्का में पौधारोपण कराने एवं पंच गौरव प्रदर्शनी की सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण करें। इस दौरान कपडों के थैलों का वितरण किया जावे। उन्होंने 24 दिसम्बर को आयोजित होने वाले पर्यटन कॉन्क्लेव हवेलियों से हरियाली (इको-टूरिज्म तक) के तहत नगर निगम आयुक्त एवं पर्यटन विभाग की उप निदेशक को कॉन्क्लेव का आयोजन कराने तथा पंच गौरव के तहत चयनित स्थलों की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला परिषद के सीईओ, यूआईटी सचिव एवं नगर निगम आयुक्त तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि 25 दिसम्बर को आयोजित होने वाले सुशासन दिवस के तहत राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं का निस्तारण करावे, सभी राजकीय कार्यालयों एवं अटल सेवा केंद्रों पर सुशासन शपथ का आयोजन, रथ यात्रा का समापन कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने कार्यक्रमों के फोटो व वीडियो भिजवाना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, एडीएम शहर बीना महावर, डीएफओ अलवर राजेन्द्र हुड्डा, उपखण्ड अधिकारी अलवर माधव भारद्वाज सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला कार्यालय स्तर से सघन निगरानी अभियान किया शुरू

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आरसीएच एवं एनसीडी स्क्रीनिंग सहित शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सुधार के लिए जिला कार्यालय स्तर से सघन निगरानी अभियान शुरू किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेंद्र कुमार शर्मा के निर्देशन में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है। डॉ. शर्मा ने आज दूरभाष पर समुदाय स्तर के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से उनकी उपस्थिति, आज की गई गतिविधियों तथा पिछले दस दिनों के कार्यों की जानकारी ली। समीक्षा के दौरान पता चला कि कुछ स्वास्थ्य कार्यकर्ता संस्थान में हस्ताक्षर कर बिना सक्षम अनुमति के घर लौट जाते हैं। इस लापरवाही पर संबंधित कर्मचारियों को अंतिम चेतावनी पत्र जारी करने तथा प्रतिदिन निर्धारित स्वास्थ्य गतिविधियाँ नियमित रूप से संपादित करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमएचओ ने कहा कि जिला कार्यालय कार्य दिवसों में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से वीडियो कॉल कर वास्तविक समय में गतिविधियों की पुष्टि करेगा। दोबारा लापरवाही मिलने पर संबंधित के विरुद्ध सीसीए नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान अशोक कुमार, जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं अतिरिक्त चार्ज जिला कार्यक्रम प्रबंधक (एनयूएचएम) उपस्थित रहे। डॉ. शर्मा ने डीपीओ को भी शहरी क्षेत्र में सघन मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अभियान का प्रमुख उद्देश्य–शहरी स्वास्थ्य कार्यों में लापरवाह कर्मचारियों की पहचान करना तथा आरसीएच, एनसीडी और अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति में सुधार सुनिश्चित करना है।

## निजी अस्पताल की कैंटीन में मिलावटी भोजन की शिकायत

### फूड विभाग की टीम की छापामार कार्रवाई, सैंपल जांच को भेजे



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर के एक निजी अस्पताल की कैंटीन में मरीजों को मिलावटी, बासा और निम्न गुणवत्ता का भोजन परोसे जाने की शिकायत पर फूड विभाग तुरंत हरकत में आ गया सूचना मिलते ही फूड इंस्पेक्टर केशव गोयल के नेतृत्व में विभागीय टीम ने बुधवार को अचानक अस्पताल पहुँचकर कैंटीन पर छापा मारा टीम ने कैंटीन में मौजूद तैयार भोजन, तेल, मसाले और अन्य खाद्य सामग्री की गहन जांच की। फूड इंस्पेक्टर गोयल ने बताया कि शिकायत अत्यंत गंभीर थी, जिसमें भर्ती मरीजों को असुरक्षित व घटिया भोजन दिए जाने की बात सामने आई थी विभागीय टीम ने मौके से कई सैंपल लिए जिन्हें जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद यदि मिलावट या मानकों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो कैंटीन संचालक और संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी फूड विभाग की इस अचानक कार्रवाई से अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मच गया, जबकि मरीजों और परिजनों में विभाग की तत्परता को लेकर राहत और संतोष की भावना दिखाई दी।

## वर्ष- 2027 की जनगणना के लिए कैम्प आयोजित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में बुधवार को जिला परिषद सभागार में चूरू जिले की वर्ष- 2027 की जनगणना के लिए कैम्प आयोजित किया गया। जनगणना निदेशालय, जयपुर के उपनिदेशक पुलकेश शर्मा ने आगामी जनगणना की कार्य योजना के बारे में विसतृत चर्चा की और गतिविधियों से अवगत करवाया। उप जिला जनगणना अधिकारी सांख्यिकी उपनिदेशक डॉ राम गोपाल सेपट ने चूरू जिले के राजस्व ग्रामों की अद्यतन सूची व नगरनिकायों के वार्डों की सूची तथा नक्शों के सत्यापन संबंधी कार्य की जानकारी देते हुए सत्यापन करवाया। सीपीओ भागचंद खारिया ने जनगणना के महत्व के ?बारे में चर्चा की। कैम्प में जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, नगरनिकाय आयुक्त व अधिषाषी अधिकारियों ने नक्शों व वार्ड सूचियों का सत्यापन किया।

## मानव के साथ प्रकृति और वन्य जीवो का संरक्षण करना हीं सही मायने में मानव दिवस मनाना सार्थक- राजेश कृष्ण सिद्ध






जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** स्केल ला कॉलेज में विश्व मानव अधिकार दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि पर्यावरणवीद्ध एवं उपभोक्ता संरक्षण समिति के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कृष्ण सिद्ध थे, अध्यक्षता प्राचार्य डॉ विनोद शर्मा ने की ग्रामीणों के साथ साथ विधि150 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। सिद्ध न अपने उदबोधन मै कहाँ की सही मायने मै मानव अधिकार हमारे पुरातन जिओ और जीने दो की अवधारणा पर निर्भर है हमें प्रकृति ऑक्सीजन, जल, आवास और भोजन प्रदान कर संविधान के जीने के सिद्धांत को साकार कर्ता है अगर हम प्रकृति से छेड़छाड़ करते है तो हम दूसरे के मानव अधिकार को छीनते है। आज के उपभोग वादी संस्कृति मै पूंजीवाद के तहत हमारे प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार किया जा कर मानव अधिकारों को छिना जा रहा ऐसे मै हम प्रकृतिक संरक्षण कर साहिमायने मै मानव अधिकारों का संरक्षण कर सकते है । डॉ सुरेन्द्र यादव ने मानव अधिकार कानूनों और उनके इतिहास पर चर्चा की डॉ वंदना सैनी ने मानव अधिकार आयोग के अधिकारों को बताया छात्र रामवीर धर्मेंद्र यादव, विक्रम, वर्षा ऋतिक ने भी विचार रखे। डॉ लक्ष्मी सोनी ने एंटी रेगिग पर विचार रखे वहीं सहायक आचार्य प्रदीप कुमार न वन्दे मातरम पर विचार रखे। तथा अध्यशिया उदबोधन मै डा विनोद शर्मा मानव अधिकारों के संरक्षण का संकलप दिलवाया।

## पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव, पार्श्व भैरू भक्ति एवं दादागुरु देव मेले का होगा भव्य आयोजन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्री रावण पार्श्वनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव 14 दिसंबर को पारस मार्ग, बीरबल मोहल्ला में हर्ष और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। ट्रस्ट अध्यक्ष अनिल जैन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:30 बजे विविध पूजाओं के साथ मणिभद्र बाबा की महापूजन से होगा। महेंद्र जैन के अनुसार महापूजन के पश्चात भगवान का भव्य जुलूस एवं वरघोड़ा निकाला जाएगा। दो दिवसीय इस आयोजन के दौरान गिनीज बुक रिकॉर्डधारी, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रेरक व मार्गदर्शक, शासनरत्न मनोज कुमार बाबूमल हरण का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। निर्मल पालावत ने बताया कि 14 दिसंबर की रात्रि को बाहर से आने वाले अतिथि कलाकारों द्वारा पार्श्व भैरू भक्ति के भव्य भजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कांति जैन के अनुसार 15 दिसंबर को वासुपूज्य भगवान मंदिर स्थित दादावाड़ी में दादागुरुदेव मेले के अंतर्गत दादागुरुदेव की महापूजन का आयोजन होगा, जिसे अतिथि कलाकारों द्वारा संपन्न कराया जाएगा। दोनों मंदिरों में आकर्षक सजावट और लाइटिंग की विशेष व्यवस्था की जाएगी।



## नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा टीम ने की बड़ी कार्रवाई

### 29 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल, 12 केन्टर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देषानुसार व पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में बुधवार को सतर्कता शाखा की ओर से नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में जे.एल.एन मार्ग, अपेक्स सर्किल बी-2 बाईपास से इण्डिया गेट के दोनों तरफ, वीटी रोड़ मानसरोवर, शिप्रापथ तिब्बती मार्केट के पास, बड़ी चौपड़, सांगानेरी गेट, जौहरी बाज़ार, त्रिपोलिया बाजार, घाटगेट, पिंक स्क्वायर मॉल, एम.डी. रोड, होटल अरिहंत, गीता भवन, दिल्ली बाईपास रोड, गलता गेट, मोती डूंगरी रोड, रामगढ़ मोड़, जामडोली, मोहनपुरा रोड, ब्रह्मपुरी चौराहा, चांदी की टकसाल, हटवाड़ा रोड, घोड़ा निकास रोड से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 29 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 12 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में जे.एल.एन मार्ग, अपेक्स सर्किल, बी-2 बाईपास से इण्डिया गेट के दोनों तरफ, वीटी रोड़ मानसरोवर, शिप्रापथ तिब्बती मार्केट के पास, बड़ी चौपड़, सांगानेरी गेट, जौहरी बाज़ार, त्रिपोलिया बाजार, घाटगेट, पिंक स्क्वायर मॉल, एम.डी. रोड, होटल अरिहंत, गीता भवन, दिल्ली बाईपास रोड, गलता गेट, मोती डूंगरी रोड, रामगढ़ मोड़, जामडोली, मोहनपुरा रोड, ब्रह्मपुरी चौराहा, चांदी की टकसाल, हटवाड़ा रोड, घोड़ा निकास रोड से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 12 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 29 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया और दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम ने मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## नव उत्थान-नई पहचानः दो वर्ष पूरे होने पर 10 से 25 दिसम्बर तक कार्यक्रम




जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर 'नव उत्थान-नई पहचान, बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान' थीम के तहत 10 से 25 दिसंबर तक प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई, जिसमें सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### मुख्य दिवस एवं प्रमुख आयोजन

10 दिसम्बर - प्रवासी राजस्थानी दिवस जयपुर में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पॉलिसी, व्यापार प्रोत्साहन नीति, निजी औद्योगिक पार्क योजना, सेमीकण्डक्टर, एयरोस्पेस एवं डिफेंस, व्हीकल स्क्रैपिंग, ग्रहष्ठ, ग्रीन ग्रोथ क्रेडिट तथा आयुष नीति का विमोचन।

11 दिसम्बर - एनआरआर चैप्टर्स संवाद एवं रथ रवानगी

12 दिसम्बर - नवाचार दिवस (स्टार्टअप कॉन्क्लेव)
स्टार्टअप कॉन्क्लेव, आई-स्टार्ट कार्यक्रम, राजस्थान वेंचर कैपिटल फंड की शुरुआत एवं रथों को जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी।

13 दिसम्बर - सड़क सुरक्षा अभियान शुभारम्भ (15 दिन)

14 दिसम्बर - स्वच्छता कार्यक्रम
मंदिरों, स्मारकों तथा सार्वजनिक स्थलों की सफाई।

15 दिसम्बर - राज्य स्तरीय मुख्य समारोह
लोकार्पण-शिलान्यास, निवेश परियोजनाओं की ग्राउंड ब्रेकिंग, रक्तदान शिविर, आरोग्य कैंप, गौ सेवा कार्यक्रम, उपलब्धियों की पुस्तिका विमोचन।
डीबीटी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं–सामाजिक सुरक्षा पेंशन, श्रमिक कल्याण, छात्रवृत्ति, पीएम आवास योजना, लाडो योजना आदि की राशि हस्तांतरण।

16 दिसम्बर - जिला स्तरीय प्रदर्शनी शुभारम्भ एवं स्वच्छता अभियान

17 दिसम्बर - ग्रामीण एवं शहरी सेवा फॉलोअप शिविरों की शुरुआत

18 दिसम्बर - महिला सम्मेलन एवं सरस राज सखी मेला

19 दिसम्बर - किसान सम्मेलन
किसान सम्मान निधि सहित कृषि योजनाओं की राशि का डीबीटी हस्तांतरण एवं कृषि-फूड प्रोसेसिंग नीति का विमोचन।

21 दिसम्बर - रन फॉर विकसित राजस्थान

22 दिसम्बर - युवा रोजगार दिवस 15 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण, रोजगार एवं खेल नीति का विमोचन।

23 दिसम्बर - पर्यावरण संरक्षण अभियान मिशन लाइफ जागरूकता, कचरा प्रबंधन, स्कूलों में प्रभातफेरी, नमो नर्सरी में बीज रोपण, ग्रहपत्रिका एवं एग्रो फॉरेस्ट्री नीति का विमोचन।

24 दिसम्बर - पर्यटन कॉन्क्लेव
नई पर्यटन नीति, फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति का विमोचन तथा चयनित पर्यटन स्थलों की सफाई।

25 दिसम्बर - सुशासन दिवस
मिशन कर्मयोगी, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, विकसित राजस्थान-2047 डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुति, सुशासन शपथ एवं रथ यात्रा का समापन।

बैठक में कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, समाज कल्याण अधिकारी रमेश देहमीवाल, उपनिदेशक पशुपालन हवा सिंह जाट, उपनिदेशक आईटी वीरेंद्र त्यागी, अधीक्षण अभियंता ओम प्रकाश सहित राजीविका, बिजली, कृषि, वन एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक कदम गांव की ओर एनजीओ ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटे स्वेटर




जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** बागावास अहिरान स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, तलियारा में बुधवार को एक कदम गांव की ओर एनजीओ की ओर से जरूरतमंद व आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आयोजित इस पहल ने बच्चों के चेहरों पर गर्माहट और खुशी दोनों भर दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीईईओ लालचंद यादव ने की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड तहसीलदार एवं एनजीओ अध्यक्ष रामनिवास यादव ने कार्यक्रम के सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों की मूलभूत जरूरतों को पूरा करना भी समाज की जिम्मेदारी है, और ऐसे आयोजन समाज में संवेदनशीलता को मजबूत करते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त रजिस्ट्रार राजेंद्र यादव कार्यक्रम में मौजूद रहे। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया।कार्यक्रम के सफल संचालन में महेशचंद यादव, रामावतार यादव, छीतरमल स्वामी, नेहरू यादव, फूलचंद मोटन, ग्राम सेवक जगदीश, विद्यालय के प्रधानाचार्य नंदलाल मीणा, राजेंद्र, अरविंद सहित अनेक ग्रामीणों का सहयोग रहा। सभी ने मिलकर बच्चों को प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एनजीओ की ओर से कुल 55 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। स्वेटर पाकर बच्चों में उत्साह और उमंग देखने को मिली। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने कहा कि समाज में शिक्षा और सहयोग की भावना के साथ ऐसे अभियानों की निरंतरता जरूरी है, जिससे गांव की प्रगति और बच्चों का भविष्य मजबूत हो सके।

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
11 दिसम्बर, 2025

नगर निगम की पशु प्रबंधन शाखा की बड़ी कार्रवाई

## सड़कों पर घूम रहे और अवैध पशु डेयरियों से 26 बेसहारा गौवंश रेस्क्यू

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर की पशु प्रबंधन शाखा ने बुधवार को आदर्श नगर मटका सर्किल, घाटगेट, बडी चौपड, गलता गेट, आमेर फोर्ट, दिल्ली बाईपास रोड क्षेत्र में निराश्रित गौवंश को लेकर व्यापक स्तर पर अभियान चलाया। आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देश पर तथा उपायुक्त सीमा शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम डॉ. योगेश शर्मा व डॉ. राकेश कलोरिया ने पूरे क्षेत्र में सघन निरीक्षण करते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया। अभियान के दौरान सड़कों, गलियों और आवासीय इलाकों में घूम रहे 26 निराश्रित गौवंश को रेस्क्यू कर सुरक्षित रूप से हिंगोनिया गौ-पुनर्वास केंद्र भेजा गया। टीम ने मौके पर मौजूद पशुओं की स्थिति की जांच की तथा परिवहन प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा किया। उपायुक्त सीमा शर्मा ने बताया कि आवासीय इलाकों और मुख्य सड़कों पर घूमते बेसहारा गौवंश न केवल यातायात बाधित करते हैं, बल्कि दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण भी बनते हैं। इसी को देखते हुए निगम की ओर से ऐसे क्षेत्रों में नियमित रूप से अभियान चलाया जा रहा है, जिससे शहर में यातायात सुचारू रहे और पशुओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके। निगम आयुक्त डॉ गौरव सैनी ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे। लक्ष्य है कि शहर को बेसहारा पशु समस्या से मुक्त किया जाए और सभी गौवंश को सुरक्षित पुनर्वास केंद्रों तक पहुँचाया जाए।

## दो सगी बहनें और 15 बकरियां जिंदा जली, शॉर्ट सर्किट से लगी थी कच्चे मकान में आग



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के सवाई माधोपुर जिले में मलाना डूंगर इलाके में पीपलवाड़ा नदी गांव में बिजली के शॉर्ट सर्किट की वजह से कच्चे मकान में भीषण आग लग गई जिसकी वजह से कच्चे मकान में सो रही दो सगी बहनें और 15 बकरियां जिंदा जल गई इस अग्निकांड में मोटरसाइकिल और अन्य घरेलू सामान भी जलकर स्वाह हो गया सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची ना किया और मामले सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू की इस भीषण अग्निकांड के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई जानकारी के अनुसार पीपलवाड़ा नदी गांव में रमेश नायक की दो बेटियां 15 साल की पूजा और 8 साल की बिट्टू कच्चे मकान में सो रही थी इसी मकान में 15 बकरियां भी बंधी हुई थी बिजली के शॉर्ट सर्किट की वजह से कच्चे मकान में आग लग गई इस मकान के पास ही एक अन्य कच्चा मकान था जिसमें मृतक दोनों बहनों के दादा-दादी और अन्य परिजन सो रहे थे हालांकि दोनों बहनों के माता-पिता जरूरी काम से घर से बाहर गई हुई थी मंगलवार की रात को यह अग्निकांड हुआ मंगलवार की देर रात जब बच्चियों के माता-पिता घर पर आए तो पूरा घर जला हुआ मिला और दोनों बच्चियों के जले हुए सब देखकर उनका रो रो कर बुरा हाल हो गया ग्रामीणों का कहना था कि इस अपनी कांड में रमेश नायक का सब कुछ जलकर खाक हो चुका है क्योंकि एक तरफ उनकी दोनों बेटियों का निधन हुआ तो दूसरी तरफ आजीविका का साधन भी चला गया क्योंकि 15 बकरियों की वजह से उनका घर का खर्चा चल रहा था लेकिन अब घर का खर्चा चलाना भी उनके लिए काफी मुश्किल हो गया है इसलिए ग्रामीणों ने इस पीड़ित परिवार को सरकार से मुआवजा की भी डिमांड की है ।

## मुरली मनोहर मंदिर में चोरी करने वाले बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा, सवा किलो चांदी की छत्र भी बरामद



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर शहर पश्चिम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए करधनी थाना इलाके में स्थित मुरली मनोहर मंदिर में चोरी करने वाले बदमाशों को चिन्हित करके उन्हें पकड़ लिया है गिरफ्तार अभियुक्त राकेश और धन सिंह है इन दोनों अभियुक्तों से मंदिर से चोरी किए गए सवा किलो के चांदी के छत्र भी बरामद कर लिए गएहैं इन चांदी के छत्र और आभूषण खरीदनेवाले गणेश सोनी नाम के व्यक्ति को भी पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने खोराबीसल स्थित एक मंदिर में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था इसलिए एक के बाद एक मंदिर को यह लोग निशान बना रहे थे लेकिन पुलिस ने अपनी जांच को तेजी से आगे संपादित करते हुए इन दोनों अभियुक्तों को आखिरकार पकड़ लिया पुलिस इन दोनों ही अभियुक्तों से पूछताछ कर यह भी पता लग रही है कि उन्होंने कैसे और किस तरह से मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया और फिर चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए उन्होंने कहां-कहां अपना ठिकाना बदला और अब किसी नए मंदिर में चोरी करने की प्लानिंग तैयार कर रहे थे क्योंकि पुलिस को संदेह है कि दोनों अभियुक्त मंदिरों को ही निशाना बना रहे थे इसलिए कहीं ना कहीं अगले मंदिर की प्लानिंग थी इन्होंने तैयार कर ली इसलिए कहीं ना कहीं अगले मंदिर में भी चोरी करने की प्लानिंग इन्होंने जरूर तैयार कर ली होगी और कहीं ना कहीं मंदिर की रेकी भी की होगी इसलिए पुलिस गिरफ्तार दोनों अभियुक्त से गंभीरता से पूछताछ कर रही है ।

## श्री राधा बिहारी मंदिर में भागवत कथा का आयोजन 22 से

**धौलपुर(निस)।** श्री किशोरी कृपा सेवा संस्थान की ओर से श्रीराधा बिहारी मंदिर पैलेस रोड धौलपुर (राजस्थान) प्रांगण में 22 दिसंबर से 28 दिसंबर तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। आचार्य योगेश कृष्ण शास्त्री ने बताया कि श्री किशोरी कृपा सेवा संस्थान की ओर से निरंतर रूप से मानवीय सेवा, बेजुबान पशु पक्षियों की सेवा, गौ सेवा, पर्यावरण संरक्षण व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की संकल्पना को साकार करने के साथ साथ अनाथ, गरीब परिवारों की ज़रूरतमन्द बेटियों को शिक्षा से जोड़ने के कार्य,बेसहारा वृद्धों को वृद्धाश्रम में मदद उपलब्ध कराने का पुनीत कार्य लगातार रूप से किया जा रहा है। श्री किशोरी कृपा सेवा संस्थान सामाजिक सरोकार के कार्यों के अलावा रक्तदान शिविरों का आयोजन कराने, वृक्षारोपण मुहिम के साथ साथ जनजागरुकता अभियान चला रहा है।

# हाड़ौती के दौरे पर डॉ. सतीश पूनियां के स्वागत में कोटा में कार्यकर्ताओं का उमड़ा सैलाब, पार्टी के वरिष्ठ नेता भवानी सिंह राजावत से आत्मीय मुलाकात की







### विजय सिंह पलायथा, भरत सिंह कुंदनपुर और मानसिंह परमार के निधन पर उनके निवास स्थानों पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की



जयपुर टाइम्स

**कोटा,(निसं.) जयपुर** कोटा के एक दिवसीय प्रवास पर पहुँचे भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां का पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं ने भव्य स्वागत-अभिनंदन किया, इस दौरान पूनियां ने कोटा सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनके हाल-चाल जाने। डॉ. सतीश पूनियां ने कोटा में भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक भवानी सिंह राजावत से उनके निवास पर पहुँचकर आत्मीय मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम जानी। साथ में भाजपा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष छगन माहुर, पंकज मेहता, पूर्व जिला अध्यक्ष मुकुट नागर, डॉक्टर एलएन शर्मा, साबिर भाटी, जिला महामंत्री मुकेश विजय, चंद्रशेखर नरवाल, ललित शर्मा सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। सतीश पूनियां ने हाड़ौती के वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधायक विजय सिंह पलायथा के निधन पर उनके निवास पर पहुँचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को ढांढस बंधाया। वहीं डॉ. सतीश पूनियां ने राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भरत सिंह कुंदनपुर के निधन और कोटा के पूर्व जिला प्रमुख गोविंद सिंह परमार के बड़े भाई मानसिंह परमार के निधन पर उनके निवास स्थानों पर पहुँचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवारजनों को ढांढस बंधाया। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच कोटा संभाग इकाई कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय सह संयोजक इरशाद अली के नेतृत्व में सतीश पूनियां का स्वागत किया।

# गृह राज्य मंत्री के इलाके में गौ तस्कर और पुलिस के बीच मुठभेड़, 7 को तस्कर को दबोचा

### गिरफ्तार तस्करों में छह हरियाणा के और एक भरतपुर के नगर इलाके का, तस्करो ने पुलिस की गाड़ी के मारी टक्कर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह के ब्रजनगर विधानसभा क्षेत्र में गो तस्कर और पुलिस के बीच आपस में मुठभेड़ हुई जिसमें पुलिस ने घेराबंदी करते हुए गाड़ी में सवार सात तस्करों को गिरफ्तार किया है तथा गाड़ी से गोवंशों को छुड़वाकर उन्हें गौशाला में भिजवा दिया है प्रदेश के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह नगर विधानसभा क्षेत्र जो अब ब्रजनगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं इस इलाके में नगर थाना इलाके में करीब 10 किलोमीटर तक पीछा करके डीग जिला डीएसटी की टीम और नगर थाने की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गाड़ी में सवार तस्करों को पकड़ा लेकिन इससे पहले तस्करों ने पुलिस की गाड़ी को टक्कर भी मेरी जिसकी वजह से पुलिस की गाड़ी क्षतिग्रस्त भी हुई लेकिन पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारने के बाद तस्करों की गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया जिसकी वजह से उनकी गाड़ी भी पलट गई जिसकी वजह से तस्कर घायल भी हुए हालांकि घायल तस्करों ने मौके से फरार होने का प्रयास भी किया लेकिन पुलिस ने घेराबंदी करते ही है सभी तस्करों को पकड़ लिया और गाड़ी में भरे हुए गौवंश को छुड़वाकर उन्हें गौशाला भिजवाए बड़ी बात यह है कि गिरफ्तार किए गए तस्करों में 6 तस्कर हरियाणा के रहने वाले हैं और एक तस्कर सोहन नगर इलाके का रहने वाला है । पुलिस ने सभी घायल तस्करों को उपचार के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया है पुलिस तस्करों से आवश्यक पूछताछ भी करेगी लेकिन फिलहाल पुलिस तस्करों के ठीक होने का इंतजार कर रही है पुलिस तस्करों की गाड़ी के बारे में भी जांच पड़ताल कर रही है जानकारी के अनुसार पिकअप गाड़ी में सवार तस्करो ने पहले नगर थाने की बैरिकेट्स को तोड़ा और तेज स्पीड से अपनी गाड़ी को भगा ले गए इसके बाद नगर थाने की टीम ने पिकअप का पीछा शुरू किया और जिला डीएसटी टीम को भी इसकी सूचना भेजी तस्करों ने अपनी गाड़ी को नदबई की ओर भगना शुरू किया लेकिन पुलिस की गाड़ी लगातार तस्करों की पिकअप गाड़ी का पीछा करती रही इस बीच तस्करों ने अपनी गाड़ी से पुलिस की गाड़ी को टक्कर की मारी लेकिन पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारने के बाद तस्करों की गाड़ी पलट गई जिसकी वजह से पुलिस का कार्य आसान हो गया हालांकि गाड़ी पलटने की वजह से तस्कर घायल भी हुए लेकिन इसके बावजूद भी तस्कर मौके से भागने का प्रयास करने लगे लेकिन पुलिस ने चारों तरफ से घेराबंदी करते भी सभी तस्करों को पकड़ लिया जानकारों का कहना है कि गिरफ्तार किए गए सभी तस्कर गो तस्करी के धंधे से जुड़े किसी बड़े ग्रुप के सदस्य हो सकते हैं इसलिए इसलिए इन सबसे होने वाली पूछताछ से पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकती है उल्लेखनीय है कि हरियाणा और राजस्थान के मेवात इलाके में गो तस्करी के धंधे से बहुत से लोग जुड़े हुए हैं इस इलाके में गो तस्करी के मामले आए दिन देखने को भी मिलते हैं पुलिस ने कई बार गो वंश से भारी गाड़ियों को बरामद भी किया है गो तस्करों को अरेस्ट भी करती रहती है लेकिन इसके बावजूद भी मेवात इलाके में को तस्करी के मामले कम नहीं हो पा रहे हालांकि राजस्थान पुलिस ने इस तरह की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कुछ विशेष ठोस कदम भी उठाए हैं उसी का नतीजा है कि पुलिस आए दिन गोवंश से भरी गाड़ियों को बरामद भी करती है लेकिन इस तरह के मामले थम नहीं पा रहे जो कहीं ना कहीं पुलिस और समाज के लिए बड़ी चिंता का विषय है क्योंकि इस तरह के मामलों को लेकर हिंदू संगठन के लोग भी समय-समय पर गहरा आक्रोश जताते रहते हैं कई बार हिंदू संगठनों की ओर से भी गोवंश से भरी गाड़ियों को पकड़ कर पुलिस केहवाले किया जाता है लेकिन फिर भी गोवंश की तस्करी का धंधा संचालित तो हो ही रहा ।

# *उद्यमशीलता से शेखावाटी को नई दिशा दे रहे हैं अशोक पारीक*

जयपुर टाइम्स



**श्रीमाधोपुर(निसं.)।** श्रीमाधोपुर निवासी अशोक पारीक का नाम खनन, मिनरल्स, मार्बल, ग्रेनाइट, पेट्रोलियम, फूड इंडस्ट्रीज़ तथा कानूनी विशेषज्ञ सलाहकार के रूप में व्यापक रूप से जाना जाता है। अपनी रचनात्मक सोच और व्यावहारिक मार्गदर्शन से वे न केवल श्रीमाधोपुर, बल्कि पूरे शेखावाटी क्षेत्र को गौरवान्वित कर रहे हैं। हाल ही में आयोजित राजस्थान राइजिंग कार्यक्रम में भी अशोक पारीक ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान हमारे संवाददाता से बातचीत में उन्होंने उद्यमशीलता, चुनौतियों और नई पीढ़ी के लिए अवसरों पर अपने विचार साझा किए। अशोक पारीक उपभोक्ता आयोग के सदस्य के रूप में सीकर और अलवर दोनों ज़िलों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। साथ ही वे भारतीय जनता पार्टी उद्योग प्रकोष्ठ, सीकर ज़िला संयोजक के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। उनका मानना है कि उद्यमशीलता केवल नया व्यवसाय शुरू करना नहीं, बल्कि एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें नए विचारों की पहचान करके उन्हें परियोजना या व्यवसाय के रूप में विकसित किया जाता है। इसमें जोखिम उठाना, संसाधनों का प्रबंधन करना, चुनौतियों से जूझना और सामाजिक व आर्थिक बदलाव लाने का संकल्प शामिल होता है। वे बताते हैं कि उद्यमी का पहला काम अवसरों की पहचान करना है—यानी बाजार में मौजूद ज़रूरतों और समस्याओं को समझकर उनके समाधान के लिए ठोस विचार तैयार करना। इसके बाद अनिश्चितताओं के बावजूद वित्तीय और व्यक्तिगत जोखिम उठाकर इन विचारों को ज़मीन पर उतारना होता है। पारीक के मार्गदर्शन में शेखावाटी के विभिन्न क्षेत्रों में कई नवाचार और नए प्रयोग शुरू हुए हैं। उनका कहना है कि राजस्थान, विशेष रूप से शेखावाटी में उद्यमशीलता को अभी भी कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन बाधाओं और असफलताओं से सीखकर ही आगे बढ़ा जा सकता है। उनके अनुसार उद्यमशीलता की वास्तविक सफलता मजबूत नेतृत्व पर निर्भर करती है—नेतृत्व जो टीम बनाए, उसे प्रेरित करे और अपने विज़न को धरातल पर उतारकर समाज व क्षेत्र के विकास में योगदान दे।

# फिर राजस्थान हाई कोर्ट, अजमेर जिला कलेक्ट्रेट और दरगाह में बम होने की सूचना, पुलिस और प्रशासन में मचा हड़कंप







### राजस्थान हाई कोर्ट को पांचवीं बार बम से उड़ाने कीधमकी, अजमेर कलेक्ट्रेट और दरगाह को दूसरी बार दी गई धमकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान हाई कोर्ट में बुधवार को तीसरी बार लगातार बम होने की सूचना ने पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन से जुड़े अधिकारियों के हाथ पांव फूला दिए इससे पहले भी राजस्थान हाई कोर्ट को दो बार बम होने की सूचना मिली इस तरह से कुछ ही दिनों में राजस्थान हाई कोर्ट को पांच बार बम से उड़ने राजस्थान हाई कोर्ट को पांच बार बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है लेकिन इन पांच बार में पुलिस हर बार मौके पर पहुंची और मौके पर जाकर सगन जांच पड़ताल और सघन तलाशी अभियान शुरू किया डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते भी बुलाए गए कई देर तक जांच पर चल करने के बाद पुलिस को मौके पर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला इस तरह से हर बार अब तक सूचना गलत साबित हुई है लेकिन पुलिस के सामने सबसे बड़ी समस्या यही आ रही है कि जिस मेल आईडी से राजस्थान हाई कोर्ट परिसर में बम होने की सूचना भेजी जा रही है उस मेल आईडी का संचालन कौन कर रहा है इसके बारे में पुलिस ठोस जानकारी हासिल नहीं कर पाई है हालांकि पुलिस की जांच जारी है लेकिन जिस तरह से रोजाना नियमित रूप से बम होने की सूचना दी जा रही है उसकी वजह से राजस्थान हाई कोर्ट परिसर के काम में भी बाधा आ रही है और काफी देर तक राजस्थान हाई कोर्ट परिसर को काम में भी बाधा आ रही है क्योंकि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर राजस्थान हाई कोर्ट परिसर को पूरी तरह से खाली करवा लेती है इसलिए हाई कोर्ट का कार्य पूरी तरह से बाधित हो रहा है हाई कोर्ट में बड़ी संख्या में सुबह से लेकर शाम तक वकीलों की भीड़ तो जमा रहती है ही इसके अलावा आमजन भी अपने-अपने मामलों को लेकर यहां बड़ी संख्या में देखे जा सकते हैं इसके अलावा हाई कोर्ट प्रशासन से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी भी यहां बड़ी संख्या में नियुक्त हैं इसलिए पुलिस इस तरह की प्रत्येक सूचना को काफी गंभीरता से लेती है क्योंकि पुलिस को हमेशा यह डाउट रहता है कि अगर सूचना सही निकल गई तो फिर भारी मात्रा में जान माल का नुकसान हो सकता है इसलिए पुलिस किसी भी तरह का कोई जोखिम उठाना नहीं चाहती जैसे ही सूचना मिलती है पुलिस तुरंत हाई कोर्ट परिसर को खाली करवा लेती है बुधवार को भी पुलिस डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते के साथ मौके पर पहुंची काफी देर तक हाई कोर्ट परिसर और आसपास के इलाके में सघन तलाशी अभियान संपादित किया गया लेकिन मौके पर कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली इसी तरह से बुधवार को एक बार फिर से अजमेर जिला कलेक्ट्रेट और ख्वाजा साहब की दरगाह में बम होने की सूचना दी गई अजमेर जिला कलेक्टर दीनबंधु ने भी इस सूचना की पुष्टि की इसके बाद अजमेर शहर पुलिस के बड़े अधिकारी पुख्ता प्रबंध के साथ मौके पर पहुंचे और दरगाह और दरगाह परिसर के आसपास के इलाके को खाली करवा कर मौके पर सगन जांच पड़ताल की गई दरगाह परिसर के आसपास के इलाके में डॉग स्क्वॉड को चारों तरफ घुमाया गया लेकिन यहां भी कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली जिसके बाद पुलिस के अधिकारियों ने अजमेर दरगाह को पूरी तरह से सुरक्षित बताया इसी तरह से अजमेर जिला कलेक्टर कार्यालय को भी पुलिस ने पूरी तरह से खाली करवाया और फिर यहां सघन जांच पड़ताल की गई लेकिन यहां भी पुलिस को कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिले उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले ही अजमेर जिला कलेक्ट्रेट और दरगाह को इसी तरह से बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी हालांकि बार-बार जयपुर और प्रदेश के कई अन्य जिलों में बम होने की जो सूचनाओं दी जा रही है इन सूचनाओं को लेकर प्रशासन और पुलिस के अधिकारी काफी परेशान और हैरान है और इस तरह के मामलों की जांच पड़ताल भी की जा रही है लेकिन पुलिस की यह जांच पड़ताल ठीक तरह से संपादित नहीं हो पा रही कहीं ना कहीं कोई ना कोई टेक्निक संबंधी परेशानी पुलिस अधिकारियों के सामने आड़े आ रही है इसलिए जिस ईमेल के माध्यम से बम होने की सूचना भेजी जा रही है उसे ईमेल आईडी का संचालन करने वाले व्यक्ति तक पुलिस पहुंच नहीं पा रही है हालांकि पुलिस यह भी मान रही है कि इस तरह की सूचना देने वाले एक ही ग्रुप के व्यक्ति हो सकते हैं या फिर एक व्यक्ति भी हो सकता है इसलिए जिस दिन पुलिस ईमेल आईडी का संचालन करने वाले व्यक्ति तक पहुंच जाएगी इन सारे मामलों का खुलासा भी हो सकता है फिलहाल पुलिस इस तरह के मामलों में सफलता हासिल नहीं कर पाई है यही वजह है कि बार-बार जयपुर और प्रदेश के कई अन्य जगहों पर ईमेल आईडी के माध्यम से बम होने की सूचना दी जा रही है जो पुलिस और प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है बुधवार को जयपुर में प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह का आयोजन भी हो रहा था जिसमें देश और दुनिया के कई बड़े-बड़े प्रवासी राजस्थानी उद्योगपति आए हुए थे ऐसे समय में इस तरह की धमकी मिलना कहीं ना कहीं प्रदेश की छवि पर विपरीत असर जरूर डालती है ।

# राष्ट्रवाद का जयघोष है वंदे मातरम्




भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के अमर गीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पर संसद ही नहीं पूरे देश में चर्चा हो रही है। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय रचित वंदे मातरम् मात्र देशभक्ति गीत नहीं, बल्कि भारतीय राष्ट्रीयता का आध्यात्मिक जयघोष है। वर्तमान चर्चा से वंदे मातरम् से जुड़े ऐसे अनेक तथ्य सामने आए, जो आज की युवा पीढ़ी ही नहीं, हमारी पीढ़ी में भी कम ही लोग जानते होंगे। जैसे कि यह उजागर होना कि वंदे मातरम् का वर्तमान स्वरूप उसका खंडित संस्करण है। अभी गाए जाने वाले दो छंदों के अलावा चार छंद और भी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस संदर्भ में कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति के दबाव में कांग्रेस वंदे मातरम् के बंटवारे के लिए झुक गई। असल में ब्रिटिश राष्ट्रीय गीत 'गाड सेव द क्वीन' को भारत के घर-घर पहुंचाने के षड्यंत्र के जवाब में बंकिमचंद्र ने 1875 में वंदे मातरम् लिखा, जिसे 1882 में उन्होंने अपने उपन्यास 'आनंद मठ' में शामिल किया। वंदे मातरम् भारत के सभ्यतागत इतिहास और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की ही अभिव्यक्ति है, जो अनादिकाल से भारत की रग-रग में रचा-बसा रहा। वंदे मातरम् मातृभूमि की वंदना के रूप में गाया गया है। राष्ट्र के प्रति ऐसा भाव भारतीय संस्कृति में सदैव रहा है। वेदों में 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' जैसा उद्घोष है। इसका अर्थ है भूमि मेरी माता है और मैं उसकी संतान हूं। जन्मभूमि के प्रति प्रभु श्रीराम ने यही भाव व्यक्त किया कि जननी जन्मभूमि स्वर्ग से भी सुंदर है। भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों में जगत का पालन करने वाली धरती मातृशक्ति है। इस मातृशक्ति की विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। आनंदमठ में असंख्य भारतीय संतानों के कंठों से उच्चरित वंदे मातरम् भारतीय सभ्यता के इसी शाश्वत मूल्य का उद्घोष है। छह छंदों वाले इस गीत को 1896 में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने कांग्रेस अधिवेशन में गाया। 1901 के कांग्रेस अधिवेशन में इसे फिर गाया गया। दिसंबर 1905 में कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में इसे अखिल भारतीय आयोजनों में गाने का निर्णय लिया गया। 1905 में ही बंग-भंग आंदोलन के दौरान हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदायों ने एकजुट होकर वंदे मातरम् गाया। मैडम भीकाजी कामा ने 1907 में जर्मनी में जब पहला तिरंगा फहराया, उस पर वंदे मातरम् लिखा था। चिदंबरम पिल्लई ने 1907 में स्वदेशी जहाज पर वंदे मातरम् लिखवाया था। रामप्रसाद बिस्मिल ने अपनी प्रतिबंधित पुस्तक 'क्रांति-गीतांजलि' का पहला गीत वंदे मातरम् ही रखा। भगत सिंह अपने पत्रों में वंदे मातरम् से अभिवादन करते थे। महात्मा गांधी ने 'इंडियन ओपिनियन' के 1905 के एक अंक में लिखा था, 'बंकिम का यह गीत इतना लोकप्रिय हो गया है, जैसे यह हमारा नेशनल एंथम (राष्ट्रगान) बन गया है। इसका एकमात्र उद्देश्य हमारे भीतर देशभक्ति की भावना जगाना है।' 1936 में गांधीजी ने अन्यत्र लिखा, 'बंकिम ने हमारी मातृभूमि के लिए जो अनेक सार्थक विशेषण प्रयुक्त किए हैं, वे एकदम अनुकूल हैं, इनका कोई सानी नहीं।' यह अनायास नहीं कि खिलाफत आंदोलन के अधिवेशनों की शुरुआत वंदे मातरम् से होती थी। अहमद अली, शौकत अली, जफर अली जैसे वरिष्ठ मुस्लिम नेता इसके सम्मान में उठकर खड़े होते थे। कट्टर सांप्रदायिक बनने के पहले मोहम्मद अली जिन्ना तो इसके सम्मान में न खड़े होने वालों को फटकार लगाते थे। अशफाक उल्ला इसे गाते हुए फांसी पर झूल गए। पूर्व कांग्रेस नेता आरिफ मोहम्मद खान ने इसका उर्दू में अनुवाद किया। स्वतंत्रता संग्राम में सबसे प्रभावी एवं लोकप्रिय होने के बावजूद मजहबी कट्टरता के कारण मुस्लिम लीग ने इसका विरोध किया। फिर तो 1923 के कांग्रेस अधिवेशन में भी वंदे मातरम् के विरोध में स्वर उठे। दुर्भाग्य से नेहरू की अध्यक्षता वाली एक समिति ने 1937 में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में अपनी अनुशंसा में कहा कि इस गीत के प्रथम दो छंद ही प्रासंगिक हैं। अंत के चार छंदों को हटाते हुए वंदे मातरम् को विभाजित करने का निर्णय लिया गया। यहां जानना जरूरी है कि पूर्व में नेहरू को वंदे मातरम् के मूल भाव से कोई आपत्ति नहीं थी। नेहरू ने 1 सितंबर, 1937 को अली सरदार जाफरी को प्रेषित एक पत्र में लिखा, 'मुझे नहीं लगता कि कोई भी व्यक्ति इनमें आए शब्दों का देवी से कोई संबंध मानता है। यह व्याख्या हास्यास्पद है।' फिर 20 अक्टूबर, 1937 को सुभाषचंद्र बोस को लिखे एक पत्र में भी नेहरू ने लिखा, 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि वंदे मातरम् के खिलाफ वर्तमान हल्ला-गुल्ला काफी हद तक सांप्रदायिक लोगों द्वारा पैदा किया गया है और जो लोग सांप्रदायिक विचार रखते हैं, वे इससे प्रभावित हुए हैं।' इसके बाद भी वंदे मातरम् के प्रति मुस्लिम लीग का विरोध बढ़ता जा रहा था। जिन्ना ने 15 अक्टूबर, 1937 को वंदे मातरम् के विरुद्ध नारा बुलंद किया। इन्हीं दवाबों और तुष्टीकरण की राजनीति में वंदे मातरम् विभाजित हो गया। यही नहीं, राष्ट्रगान के रूप में इसे चयनित करने में भी अनदेखा किया गया। हालांकि इसकी लोकप्रियता के करण 1950 में संविधान सभा ने डा. राजेंद्र प्रसाद द्वारा वंदे मातरम् को राष्ट्रगीत के रूप में अपनाने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया।

*विश्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक ग्रामीण सुधार, बेहतर कृषि उत्पादन, ग्रामीण उपभोग में बढ़ोतरी तथा कर सुधार जैसे घटकों के दम पर भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। इसी तरह एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स द्वारा प्रकाशित एशिया-पैसिफिक इकोनमिक आउटलुक रिपोर्ट 2025 के मुताबिक ग्रामीण भारत में विकास की सकारात्मकता है। महंगाई घटने और करों में कटौती से भारत की ग्रामीण खपत में सुधार हुआ है। रिजर्व बैंक द्वारा प्रकाशित ग्रामीण उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण पर आधारित रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक साल में 76.7 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों में उपभोग वृद्धि और 39.6 प्रतिशत परिवारों में आय में वृद्धि सामने आई है। इसी तरह एसबीआइ रिसर्च द्वारा गरीबी पर जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि गरीबी में कमी शहरी इलाकों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में अधिक तेजी से आई है। जहां 2011-12 में ग्रामीण गरीबी*

## सम्पादकीय

# गोवा नाइट क्लब ट्रेजडी, आग




गोवा के एक नाइट क्लब में आग की भयावह घटना ने भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर सुरक्षा इंतजामों में लापरवाही को फिर से उजागर किया है। जैसे-जैसे इस हादसे की परतें खुल रही हैं, विभिन्न स्तरों पर कोताही बरतने के तथ्य सामने आ रहे हैं। अग्निशमन सुरक्षा उपायों के अभाव से लेकर आपात स्थिति में बचाव की माकूल व्यवस्था न होना यह दर्शाता है कि न तो क्लब के मालिकों और न ही स्थानीय प्रशासन को यहां आने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर कोई फिक्र थी। इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिजन अब न्याय की मांग कर रहे हैं, लेकिन पुलिस मुख्य आरोपियों को न्याय के कठघरे में ला पाएगी या नहीं, इसको लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि क्लब के मालिक एवं दोनों मुख्य आरोपी हादसे के बाद देश छोड़कर विदेश भाग गए हैं। यानी हादसे के बाद भी पुलिस सतर्कता दिखाने और अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेने में चूक गई। जांच एजंसी का ध्यान क्लब के प्रबंधकीय कर्मियों की धरपकड़ पर ही केंद्रित रहा और इस बीच मुख्य आरोपी बच निकलने में कामयाब हो गए। गौरतलब है कि उत्तरी गोवा स्थित 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइट क्लब में शनिवार रात लगी भीषण आग में पच्चीस लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद पुलिस ने संबंधित क्लब में प्रबंधकीय कार्य में तैनात कुछ कर्मियों को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक जांच के बाद माना जा रहा है कि क्लब में 'इलेक्ट्रिक पटाखे' चलाए जाने से आग लगी। हालांकि, इसके असली कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल पाएगा। मगर सवाल यह है कि हादसे के बाद पुलिस ने कार्रवाई में कितनी तत्परता दिखाई? ऐसी क्या वजह रही कि दोनों मुख्य आरोपी पुलिस को चकमा देकर देश छोड़कर थाईलैंड भाग गए। क्या पुलिस को इनके फरार होने की जरा भी आशंका नहीं थी? किसी जांच एजंसी से इस तरह की लापरवाही की उम्मीद कैसे की जा सकती है? हैरत की बात है कि पुलिस ने हादसे के तुरंत बाद क्लब के मालिकों तक पहुंचने की जरूरत नहीं समझी। जांच दल ने सोमवार को जब दिल्ली स्थित उनके ठिकाने पर छापेमारी की, तब पता चला कि वे विदेश भाग गए हैं। ऐसे में पुलिस की जांच प्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। कानूनी मामलों के जानकारों का कहना है कि दोनों मुख्य आरोपियों को अब भारत वापस लाकर न्याय के कठघरे में खड़ा करना आसान नहीं होगा। भले ही पुलिस के प्रयासों से इंटरपोल की ओर से उनके खिलाफ 'ब्लू कार्नर' नोटिस जारी कर दिया गया है, मगर यह भी संभव है कि वे थाईलैंड से किसी और देश भाग जाएं। यानी उन्हें गिरफ्तार कर वापस लाने की प्रक्रिया लंबी हो सकती है। एक और महत्त्वपूर्ण बात यह है कि इस हादसे के बाद राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एक विस्तृत परामर्श जारी किया है। इसके तहत नाइट क्लब, रेस्तरां, बार, कार्यक्रम स्थलों और इसी तरह के अन्य प्रतिष्ठानों को अग्नि एवं विद्युत सुरक्षा, आपातकालीन तैयारी और सक्षम प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित संरचनात्मक सुरक्षा मानदंडों का पुरी तरह अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है। इसे लापरवाही नहीं तो और क्या कहा जाएगा कि किसी बड़े हादसे के बाद ही इस तरह के निर्देश जारी करने की जरूरत महसूस की जाती है। इसमें दोराय नहीं कि अगर पहले से ही नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, तो इस तरह के हादसों को रोका जा सकता है।

# देश को नीचा दिखातीं नियामक संस्थाएं




बहुत दिन नहीं हुए जब विषाक्त कफ सीरप कोल्ड्रिफ के मामले में यह सामने आया था कि नियामक संस्थाओं ने अपना काम सही तरह नहीं किया। इस विषाक्त कफ सीरप के सेवन के चलते मध्य प्रदेश और राजस्थान में 25 से अधिक बच्चों की जान चली गई थी। देश में दवा निर्माण के लिए नियामक संस्था-केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन यानी सीडीएससीओ नियम तय करता है, पर कारखानों को लाइसेंस देने, दवा निर्माण इकाइयों के निरीक्षण और दवाओं के नमूनों का परीक्षण किए जाने जैसे काम राज्य औषधि नियामक प्राधिकरण करते हैं। राज्यों के ऐसे प्राधिकरणों की क्षमताएं अलग-अलग हैं और सीएसडीएओ के पास ऐसे अधिकार नहीं कि वह राज्यों के प्राधिकरणों के कामकाज की निगरानी रख सके। विषाक्त कफ सीरप से 25 बच्चों की मौतों के बाद ऐसी खबरें आईं कि दवा निर्माण एवं उनके परीक्षण की व्यवस्था को और सक्षम बनाया जाएगा, लेकिन कहना कठिन है कि ऐसा हो सकेगा और उसके नतीजे में कोल्ड्रिफ जैसे मामले फिर सामने नहीं आएंगे। कायदे से दवाओं के निर्माण की प्रक्रिया और उनकी गुणवत्ता की जांच-परख करने वाली संस्थाओं को सक्षम बनाने का बीड़ा तभी उठा लिया जाना चाहिए था, जब कुछ वर्ष पहले गांबिया और उज्बेकिस्तान में भारत में बनी कफ सीरप के सेवन से इन देशों के कई बच्चे मर गए थे। अपने देश में हर क्षेत्र के लिए नियामक संस्थाएं हैं, लेकिन यह प्रश्न अनुत्तरित है कि क्या वे पर्याप्त सक्षम हैं और अपना काम सही तरीके से कर पा रही हैं? ताजा मामला विमानन सेवाओं की नियामक संस्था डीजीसीए का है। इंडिगो एयरलाइन ने डीजीसीए के बनाए नियमों को लागू करने के स्थान पर उनकी अनदेखी करने का फैसला किया और वह भी तब, जब अन्य एयरलाइंस के साथ उसे भी इसके लिए करीब दो वर्ष का समय मिला था। अन्य एयरलाइंस ने तो डीजीसीए की ओर से पायलटों को आराम के घंटे बढ़ाने संबंधी नियमों पर अमल कर लिया, लेकिन इंडिगो ने ऐसा नहीं किया और वह भी तब जब अन्य एयरलाइंस घाटे में चल रही हैं और इंडिगो मुनाफे में। इंडिगो ने नए नियमों को मानने के बजाय ऐसी स्थिति पैदा कर दी कि डीजीसीए को अपने नियमों पर अमल को टालना पड़ा। यह स्थिति इसलिए पैदा हुई, क्योंकि इंडिगो ने बड़ी संख्या में अपनी उड़ानों को रद किया। इसके चलते लाखों यात्री परेशान हुए। उनके समय के साथ धन की तो बर्बादी हुई ही, उनके जरूरी काम भी अटक गए। किसी की परीक्षा छूटी तो किसी का इंटरव्यू या फिर जरूरी मीटिंग अथवा अन्य कोई काम। लाखों विमान यात्रियों को जो आर्थिक, शारीरिक और मानसिक परेशानी हुई, उसका आकलन करना कठिन है। इंडिगो ने अपनी उड़ानें रद कर विमान यात्रा को पंगु कर ऐसी स्थिति पैदा कर दी कि डीजीसीए को उसके समक्ष घुटने टेकने पड़े। उसने विमानन बाजार में अपनी हिस्सेदारी का लाभ उठाकर डीजीसीए को जिस तरह झुकने के लिए बाध्य किया, उससे इस नियामक संस्था के साथ सरकार की भी किरकिरी हुई, क्योंकि डीजीसीए के झुकने का मतलब है भारत सरकार का झुकना। मोदी सरकार को यह आभास होना चाहिए कि इंडिगो प्रकरण से मजबूत सरकार की उसकी छवि को धक्का लगा है। लाखों विमान यात्रियों के सामने जो संकट पैदा हुआ, उससे देश की भी बदनामी हुई, क्योंकि इंडिगो की उड़ानों के रद होने से देश के साथ विदेश के यात्री भी परेशान हुए। यह खेद की बात है कि डीजीसीए में से किसी ने इसकी सुधि नहीं ली कि इंडिगो उसकी ओर से तय किए गए नियमों का पालन करने की दिशा में कुछ कर रही है या नहीं? यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि डीजीसीए में कोई यह देखने वाला नहीं था कि यदि विमानन बाजार में सबसे अधिक हिस्सेदारी रखने वाली इंडिगो उसकी ओर से तय किए गए नियम लागू नहीं करेगी तो अंतरराष्ट्रीय विमानन उद्योग को तो गलत संदेश जाएगा ही, जिन कंपनियों ने उसके नियमों का पालन किया, वे खुद को ठगा हुआ महसूस करेंगी। एक ऐसे समय जब निजी क्षेत्र की भूमिका बढ़ रही है और आने वाले दिनों में इस भूमिका का और विस्तार होना तय है, तब नियामक संस्थाओं का सक्षम होना आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है। अभी कुछ ही नियामक संस्थाएं ऐसी हैं, जिन्हें सक्षम और सजग कहा जा सकता है। ज्यादातर नियामक संस्थाएं कसौटी पर खरी नहीं उतर पा रही हैं। कोई पर्याप्त अधिकारों से लैस नहीं है तो कोई संसाधनों के अभाव से ग्रस्त है।

# अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर विवेक पीजी कॉलेज मे विशाल सेमिनार का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर** कालवाड़ के विवेक पीजी कॉलेज में सामाजिक एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता शिशपाल कुड़ी के मुख्य आतिथ्य में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर विशाल सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता शिशपाल कुड़ी ने वर्ष 2025 के मानव अधिकार दिवस के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा चुनी गई थीम 'दैनिक आवश?यकताएं' के अनुरूप, 'दैनिक आवश?यकताएं: सभी के लिए सार्वजनिक सेवाएं और सम्मान' विषय पर वृहत प्रकाश डाला। कुड़ी ने कहा कि यह विषय भारत की विकास यात्रा से पूरी तरह मेल खाता है जो इस बात पर बल देता है कि मानव अधिकार केवल अमूर्त आकांक्षाएं नहीं हैं ये दैनिक आवश?यकताएं हैं जो स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, न्याय, वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा जैसी आवश्यक सेवाओं के माध्यम से किसी व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता निर्धारित करती हैं। विश्व में 1950 से 10 दिसंबर को प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला मानव अधिकार दिवस 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा (यूडीएचआर) को अपनाए जाने की याद में मनाया जाता है। गरिमा, समानता और स्वतंत्रता के लिए एक वैश्विक घोषणा पत्र के रूप में, यूडीएचआर मानव अधिकारों को बनाए रखने और उनकी रक्षा करने के लिए विश?व में प्रयासों का मार्गदर्शन करता है। इन सार्वभौमिक आदर्शों के अनुरूप, भारत का संविधान और मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993, के तहत 12 अक्टूबर 1993 को राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी), भारत की स्थापना हुई। आयोग मानव अधिकार दिवस को सभी नागरिकों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के मानव अधिकारों का सम्मान करने, उन्हें बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने के अपने संकल्प को प्रतिबद्ध करता है। मानवाधिकारों के परिपेक्ष्य में बुनियादी सुविधाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित करने तथा सभी के लिए न्याय, स्वतंत्रता, समानता और सम्मान के संवैधानिक वादे को पूरा करने के लिए उत्तरदायी शासन और कुशल सार्वजनिक सेवाएं बेहद आवश्यक हैं। आयोग ने डिजिटल नवाचार के माध्यम से अपनी पहुंच का विस्तार करते हुए एचआरसी नेट पोर्टल को चालू किया है जो राज्य प्राधिकरणों को जोड़ता है और व्यक्तियों को शिकायत दर्ज करने और वास्तविक समय में उनकी स्थिति पर नजर रखने में सक्षम बनाता है। यह पोर्टल पांच लाख से ज?यादा कॉमन सर्विस सेंटरों और राष्ट्रीय सरकारी सेवा पोर्टल के साथ जुड़ा हुआ है जिससे मानव अधिकार संरक्षण अधिक सुलभ और पारदर्शी हो गया है। सेमिनार में कुड़ी ने तीन नए भारतीय कानून बीएनएस 2023, बीएनएसएस और बीएसए की जानकारी भी छात्र छात्राओं को प्रदान की। इस दौरान छात्र छात्राओं ने विभिन्न कला कृतियों के माध्यम से मानवाधिकारों पर प्रदर्शनी का आयोजन करते हुए मानवाधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में कॉलेज निदेशक विशाल चौधरी, प्राचार्य निंबाराम भाकर, सेमीनार संयोजक व्याख्याता दिलीप सिंह राठौड़ और इंदु बाला चौधरी उपस्थित रहे।

# विधिक साक्षरता के बारे में दी जानकारी




जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देश पर विधिक साक्षरता शिविर विजय सिंह पथिक राजकीय महाविद्यालय बिजौलिया में आयोजित किया गया। पीएलवी रामबाबू माथुर, एडवोकेट मनीष धाकड़, एडवोकेट दीपक मीणा, एडवोकेट शौकीन नलवाया व एडवोकेट मोहम्मद सोयल ने बालक -बालिकाओं को विधिक साक्षरता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अपने संवैधानिक, कानूनी अधिकारों व मौलिक मानवाधिकारों की जानकारी होनी चाहिए। जिससे वे अपने जीवन स्तर को सुधार सकें और विभिन्न अवसरों का लाभ उठा सकें। कार्यवाहक प्रिंसिपल आदित्य देव वैष्णव, महेंद्र राज खोरवाल व प्रमोद कुमार मौजूद रहे।

## अर्धवार्षिक परीक्षा से पूर्व यज्ञ-हवन का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** श्री युवक सभा आदर्श विद्या मंदिर में बुधवार को अर्धवार्षिक परीक्षा के शुभारंभ से पूर्व विधिवत यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आचार्यों व विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक आहुतियाँ समर्पित कीं ल। यज्ञ भगवान से छात्रों के उज्ज्वल भविष्य, एकाग्रता और उत्तम परिणाम की मंगल कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा है कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा, मानसिक शांति और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं, जिससे वे परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी आचार्य-आचार्याएँ और विद्यार्थी उपस्थित रहे। पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और पवित्र वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## प्रधान दिनेश सूंडा ने जन्मदिन पर दिखाया शक्ति प्रदर्शन, सुंदरकांड के पाठ में उमड़े लोग



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** नवलगढ़ पंचायत समिति में प्रधान दिनेश सुण्डा के सफल कार्यकाल पांच साल बेमिसाल व जन्मदिन के अवसर पर समिति में बालाजी मंदिर पर सुन्दरकाण्ड व प्रसाद का आयोजन किया गया। प्रधान दिनेश सुण्डा का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा जिसमें अनेकों योजनाओं का लाभ आमजन को मिला। कार्यकाल में सभी दफ्तर को एक जगह लाने का कार्य से लेकर प्रत्येक गांव में धरातल तक योजना पहुंचाने का कार्य किया। महिलाओं व पीड़ित को सहयोग करने के साथ युवा सोच से विकास कार्य किए। जन्मदिन व पांच साल बेमिसाल पर प्रधान दिनेश सुण्डा ने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में किसी पार्टी विशेष को महत्वत्ता न देकर जनता का काम किया है। आमजन व मेरे सरपंच साथी का हमेशा मेरे साथ सहयोग बना रहा है जिससे सभी पंचायतों का विकास कार्य हों सका है। कार्यक्रम के दौरान प्रशासको ने मिलकर प्रधान दिनेश सुण्डा को जन्मदिन पर बधाई प्रेषित की। साथ ही सफल पांच साल बेमिसाल की शुभकामनाएं दी और आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रशासक करणी राम, राजेन्द्र सैनी, महावीर प्रसाद भांबू, महेंद्र सैनी, तारा देवी आदि प्रशासक मौजूद रहे।

## नवलगढ़ पंचायत समिति में सामुदायिक भवन का लोकार्पण



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** नवलगढ़ मे पंचायत समिति क्षेत्र में बुधवार को नए सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि नवलगढ़ प्रधान दिनेश सुंडा रहें।बसमारोह में भूतपूर्व सैनिक जयराम सिंह, महेंद्र, भागीरथमल मूड, महेश, इकरार, रामनिवाश डूडी, सुभाष बिशु, शीशराम खीचड़, जयराम, अमरचंद डूडी, मोहनलाल, टीपू सुल्तान, भगवान सिंह, सरवर अली, पोकर मल, हाफिज अली, प्यारेलाल, सुल्तान खां, रमन बुरी, ओमकार सिंह, रामनिवास, रामस्वरूप, राम सिंह बुडानिया, दारा सिंह और अर्जन सिंह ने सहभागिता दर्ज कराई। इसके साथ ही सरपंच राज कुमार, रामस्वरूप सैनी, प्रमोद सैनी, शंकरलाल सैनी, उलिद सैनी, महेश बिशु और राजेश दूत भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## ओबीसी सर्वे में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ की ड्यूटी हटाने की मांग, कलेक्टर को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** महिला व बाल विकास विभाग में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका कर्मचारी संगठन की ओर से जिला कलेक्टर व उपनिदेशक महिला व बाल विकास विभाग को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने बताया कि ओबीसी आयोग की ओर से राजस्थान राज्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व) सर्वे के कार्य से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की डयूटी हटवाने को लेकर



ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन में लिखा है कि उपखण्ड कार्यालय की ओर से क्रमांक उत्खचू/ओ.बी.सी. आयोग/554-60-09. दिसमबर.2025 को ओबीसी आयोग की ओर से राजस्थान राज्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व) का सर्वे का कार्य दिया गया है। जिसमें प्रतिदिन ओबीसी वर्ग के समस्त घरों में जाकर सर्वे किया जाएगा। सर्वे कार्य के दौरान समेकित बाल विकास सेवाएं के अन्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ओर से समुदाय स्तर पर पूरक पोषण, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच रेफरल सेवाएं, प्री-स्कूल अनौपचारिक शिक्षा और पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा व प्रतिदिन किए जाने वाले पोषण ट्रेकर पर ऑनलाइन कार्य प्रतिदिन निस्तर किए जाने सम्भव नहीं है। सर्वे कार्य के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र भी संचालित किया जाना सम्भव नहीं है।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

# ई-गवर्नेंस व शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण पर दिया जोर

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में फ्लैगशिप योजना की प्रगति, ई-गवर्नेंस, संपर्क पोर्टल सहित कई बिंदुओं पर समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने ई-डाक व ई-फाइलिंग के समयबद्ध डिस्पोजल को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई-गवर्नेंस राज्य सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए सभी अधिकारी इसे गंभीरता से अपनाएं। ई-डाक की मोबाइल फैसिलिटी का प्रभावी उपयोग कर समय पर फाइलों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। संपर्क पोर्टल की समीक्षा के दौरान डॉ. गर्ग ने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समय पर निस्तारण किया जाए ताकि आमजन को समय पर राहत मिल सके। बैठक में कलेक्टर ने राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग की ओर से आयोजित किए जा रहे फॉलो-अप शिविरों पर संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर शिविरों को सफल बनाने के निर्देश दिए। स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों को कचरा वाहनों को ढककर ले जाने और शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नियमित रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में अतिक्रमण हटाया जाए, वहां इसका स्पष्ट प्रभाव दिखाई देना चाहिए। कलेक्टर ने आरएसआरडीसी अधिकारियों से रेलवे ओवर ब्रिज एवं ऑडिटोरियम निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट ली। साथ ही कृषि विभाग से उर्वरक उपलब्धता की स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर महिला अधिकारिता के विभाग द्वारा तैयार किए गए वर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन भी जिला कलेक्टर ने किया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य, मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गंदे पानी निकासी नहीं होने से लोगों में आक्रोश, एसडीएम को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** मंडावा कस्बे के वार्ड 17 में काफी अरसे से मुख्य मार्ग पर घरो से निकलने वाले पानी की समुचित व्यवस्था नही होने के चलते स्कूली बच्चो के साथ साथ जीण माता मंदिर में जाने वाले श्रद्धालुओं, राहगीरों ओर स्थानीय लोगो के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। प्रशासन की उदासीनता के कारण स्थिति विकट बनी हुई है।आक्रोशित शिक्षकों, श्रद्धालुओं ओर वार्ड के लोगों ने निकासी व्यवस्था में सुधार और अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर आज मंडावा उपखंड अधिकारी मुनेश कुमारी को ज्ञापन सौंपा। स्थानीय लोगो ओर शिक्षको ने बताया कि स्थानीय प्रशासन को बार बार अवगत करवाने के बाद भी समस्या की ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। आम रास्ते पर बनी नालिया सफाई के अभाव में गंदगी से अटी हुई है। रास्ते में बनी नालिया बनाकर छोड़ी गई है जिसका पानी मुख्य मार्ग पर एकत्रित हो रहा है। राजेन्द्र सनोदिया, पल्लवी मिश्रा,राकेश सनोदिया ने बताया कि बाल भारती स्कूल के पास मुख्य रास्ते पर 22 फूट का लिंक रास्ता पुरी तरह लोगो ने मिट्टी डालकर अवरूद्ध कर दिया है जिससे सारा पानी सड़क पर जमा हो रहा है। ये रास्ता स्कूल जाने का मुख्य रास्ता हे। प्रतिदिन स्कूली बच्चो को इस रास्ते से ही विद्यालय जाना पड़ता है। बच्चो को अपनी जुराबे, जूते हाथ में लेकर जाने का मजबूर होना पड़ रहा है। कई बार बच्चे गंदे पानी में गिरने से चौटिल भी हो चुके है। पुर्व में भी इस गंदे पानी के भरव की समस्या को लेकर जिला कलेक्टर ने मौके का नीरिक्षण कर स्थानीय ईओ मंडावा को शिघ्र समाधान करने के निर्देश दिए थे। इस अवसर पर कोमल जागिड़, उषा सैनी, पायल चावला, मुस्कान सनोदिया, पुनम मारवाल, प्रमोद कटारिया, कमलेश कुमार,राकेश कुमार मीणा, अशोक कुमार सहित अनेक वार्ड के लोग उपस्थित रहे।

## मंडावा में पांच दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर प्रारंभ

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार के अधिन महाराव शेखाजी क्षेत्रिय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान जयपुर के तत्वाधान में पांच दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन मंडावा नगरपालिका चौक स्थित महाजन पंचायत भवन में प्रारंभ हुआ। शिविर के प्रथम दिन सैकड़ो लोगो ने जॉच करवा कर लाभ उठाया। आयुर्वेद शिविर मे रोगियो को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श रक्त जांच ओर आयुर्वेदिक औषधियो का वितरण किया गया। शिविर संचालक सहायक निदेशक डॉ.बी.आर. मीणा,मुख्य अन्वेषक डॉ.किशोर गवली, सह मुख्य अन्वेषक डॉ.सुहाष चौधरी के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता रजनी निवाद, चिकित्सक वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता डॉ. कविता शर्मा, फार्मासिस्ट रूकमणी मीणा, कार्यालय सहायक राजेश कुमावत, चंद्र प्रकाश मीणा,संदेश कुमार मीणा सहित अन्य कार्मिको ने अपनी सेवाए दी। शिविर में जोड़ो का दर्द, पाईल्स, सर्दी जुकाम, बीपी, शुगर सहित अन्य रोगो की जांच कर उपचार किया जा रहा है। शिविर में उपयुक्त औषधी देते हुए सभी को नशे से दूर रहने ओर समय समय पर उपचार ओर परहेज रखने की जानकारी दी। चिकित्सक रजनी निवाद ने बताया कि आयुर्वेद आधारित आहार जीवन शैली को लेकर जानकारी दी गई। डॉ. कविता शर्मा ने बताया कि बिना खाद बीज की सब्जी का अधिक उपयोग करनेफलदार पौधे लगाने के साथ साथ अनेक प्रकार की सावधानिया बरतने ओर रोगो की रोकथाम के लिए जागरूकता की सलाह दी।

## श्रीराम कथा:वकैकई के त्याग का वर्णन, श्रोता भावविभोर

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** मण्डावा स्थित ब्रह्म बगीची, शिव मन्दिर में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा का बुद्धवार सातवां दिन संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रयागराज के आचार्य कथा व्यास वेद दास महाराज ने भगवान श्रीराम की 14 वर्ष की वनयात्रा और माता कैकई के त्याग की व्याख्या की। महाराज ने बताया कि माता कैकई ने ऐसा त्याग किया, जिसकी कल्पना कोई अन्य मां नहीं कर सकती। उन्होंने अपने पुत्र राम को दिए बाल्यकाल के वचन को निभाने के लिए अपने स्नेह, सम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा का बलिदान दिया। समाज की आलोचनाओं और बदले हुए व्यवहार के बावजूद उन्होंने धर्म और सत्य की रक्षा के अपने संकल्प को नहीं छोड़ा। कथा व्यास ने प्रयागराज में भरद्वाज मुनि द्वारा भरत को दिए गए उपदेश का भी उल्लेख किया। मुनि ने भरत से कहा था, 'हे भरत, अपनी माता के कृत्य पर ग्लानि मत करो। यह सब विधि का विधान है। जिस प्रकार उल्लू दिन के होने से और कौवा रात के होने से इनकार कर दें, तो भी प्रकृति का नियम नहीं बदलता। इसी प्रकार ईश्वर की व्यवस्था भी अपरिवर्तनीय है। महाराज ने समझाया कि भगवान श्रीराम को 'मर्यादा पुरुषोत्तम' बनाने में कैकई के त्याग का अप्रत्यक्ष, किंतु महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कथा में आशीष शुक्ला, सूरज दुबे सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्काउट गाइड शिविर का अवलोकन



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** नवलगढ़ में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ के तत्वाधान में ग्राम झाझड के शेखावटी ग्रामीण शिक्षण संस्थान में स्काउट गाइड का द्वितीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। शिविर के तीसरे दिन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने शिविर का अवलोकन किया। अतिथि के रुप में ए.सी.बी.ई.ओ. कुलदीप पूनिया, प्रधानाचार्य झाझड, पी ई ई ओ सुमन लता, प्रधानाचार्य सुनील कुमार शर्मा, बाबूलाल सैनी, प्रधान मुरली मनोहर चौबदार रहे। मुख्य अतिथि अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि सभी को स्काउट गाइड की नियम प्रतिज्ञा अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होने कहा कि स्काउट गाइड एक भावना है और जीवन जीने की कला है। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने स्काउट गाइड से व्यक्तिगत पूछकर शिविर के बारे में पूछताछ की। इस अवसर पर नवलगढ़ के प्रधान मुरली मनोहर चौबदार ने आज दिन भर उपस्थित रह कर गतिविधियों में भाग लेकर स्काउट गाइड का मनोबल बढ़ाया। इन्होंने हाइक में जाने वाले स्काउट गाइड को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य रविकांत सिंगोदिया, निदेशक विजयलक्ष्मी, प्रधानाध्यापक प्यारेलाल पालीवाल ,संचालक राम अवतार सबलानिया, महेश कुमार मार्शल, सुल्तान सिंह सैनी, झमोजी राम बजाड, बिना चंदेल, सुमन डारा, उषा किरण, महेंद्र कुमार सैनी,जगदीश प्रसाद सैनी, शुभकरण सिंह, अमन कुमार आदि मौजूद रहे ।

## जागरूकता रैली से विद्यार्थियों ने दिया जल संरक्षण का संदेश




जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य नागरिकों को नई जल प्रदाय योजना के महत्व के बारे में जल मीटर से होने वाले वाले फायदों के बारे में, जल संरक्षण के बारे में जागरूक करना था। यह रैली आरयूआईडीपी के अधिशाषी अभियंता देवेन्द्र कुमार सैनी के मार्गदर्शन से आयोजित हुई। रैली को राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय के निदेशक हरलाल सिंह मोगा, कैप आरयूआईडीपी विभाग के सामुदायिक विकास अधिकारी अनिल रुहेला ने छात्र-छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यार्थियों ने रैली के साथ हाथों में तख्तियां व विभिन्न नारों के माध्यम से जल बचाने का संदेश देकर जागरूक किया जिसमें जन-जन ने ये ठाना है, पानी को बचाना है। जल का हम सब समझें मोल, मिले सहज पर है अनमोल। पानी बचाने का करो जतन, पानी है बहुमूल्य रतन। जल संरक्षण हो हम सबका नारा, संतुलित रहे पर्यावरण हमारा। आज यह नियम बनाना है सुबह शाम पानी बचाना है। यह रैली राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय से प्रारम्भ होकर बिसाऊ चौराहा, चुंगी नाका व सुभाष चौक से होते हुए वापिस स्कूल प्रागण पहुची। इस जागरूकता रैली में 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर सफल बनाने में सराहनीय भागीदारी निभाई। इस रैली कार्यक्रम में पानी के संरक्षण पर बच्चों की भूमिका पर बोलते हुये कैप-आरयू आईडीपी के सामुदायिक विकास अधिकारी अनिल रुहेला ने छात्र-छात्राओं को नई जलप्रदाय योजना से होने वाले लाभों के बारे मे जानकारी देते हुए कहा कि आम जन को नई जल प्रदाय योजना के अन्तर्गत पानी पर्याप्त व पूर्ण प्रेशर के साथ मिलेगा, जल मीटर से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय के सचिव सुभाषचन्द्र मोगा, महावीर, गुरुनाम सिंह, विकास, विजेंद्र, रोहिताश, अशोक, नरेश, मनफूल, मोहनलाल, कैलाश, रामावतार, शंकर सिंह , मूलचंद आदि ने कार्यक्रम में सहयोग देकर रैली को सफल बनाने में योगदान दिया।

## शपथ ग्रहण समारोह में भ्रष्टाचार मिटाने पर चर्चा



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नेशनल एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को दुलिया बास के प्रजापति भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के फाऊंडर चेयरमैन डॉ. राजेश शुक्ला थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय महासचिव जेएन मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश तिवाड़ी, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल, राजस्थान प्रभारी सीताराम मेघवाल, सीताराम भोभरिया, जिलाध्यक्ष मनसुख प्रजापत, जिला उपाध्यक्ष परमेश्वर कंदोई मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। जिसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई गई। इस दौरान मुख्य अतिथि शुक्ला ने कहा कि संस्था का उद्देश्य अपराध से समाज को मुक्त करना, नागरिकों को कानूनी अधिकार और न्याय दिलाना, आम जनता के मन से पुलिस का भय निकालना, गरीब असहाय लोगों की मदद करना, महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकना, पर्यावरण प्रदूषण को रोकना, मिलावटखोरी, रिश्वतखोरी, जनमानस के अधिकार, सरकारी योजनाओं की जानकारी, श्रमिक शोषण आदि पर काम करना है। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य संस्था के उद्देश्यों को पूरा करने में जुट जाएं। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष मनीषा कंदोई, जनसंपर्क अधिकारी गौतम प्रजापत, विधि सचिव सलीम खान कायमखानी, मीडिया प्रभारी महेश भोभरिया, जनरल सेक्रेटरी मौसिम कुरैशी, पिंकी काला, उपाध्यक्ष सुजानगढ़ रवि मोदी, सदस्य खेमाराम डूडी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदकों का किया सत्यापन



जयपुर टाइम्स

**रतननगर(निस)।** जरूरतमंद परिवारों के लिए शुरू हुई प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत बुधवार को नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी संजू खोड ने नगरपालिका रतननगर में प्राप्त करीब तीन दर्जन से भी अधिक आवेदकों के घर जाकर मौके पर सत्यापन की कार्यवाही की। प्रधानमंत्री आवास योजना में नगरीय निकायों के माध्यम से जरूरतमंदो से जिनके जमीन का मालिकाना हक उनके नाम से हो और वे मकान निर्माण या अभिवृद्धि करवाना चाहते हो तो उन्हें केन्द्र सरकार की ओर से अधिकतम 2.50 लाख रूपये की आर्थिक सहायता दी जाती है जोकि निर्धारित प्रक्रिया के बाद आवेदकों के खातों में किश्तों के रूप में भेजी जाती है। अधिशाषी अधिकारी संजू खोड ने बताया कि नगरपालिका रतननगर में प्राप्त प्रधानमंत्री आवास योजना के समस्त आवेदनों की जांच की जाकर नगरपालिका की ओर से गठित टीम की ओर से मौके पर जाकर सत्यापन किया जा रहा है। टीम में कनिष्ठ अभियंता मुकेश कुमार, श्याम सुंदर शर्मा, विकास भाटिया आदि शामिल रहें।

## श्रीराम कथा को लेकर तैयारियां शुरू, पोस्टर का विमोचन



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** श्रीपंचमुखी बालाजी मंदिर में 10 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ 20 दिसंबर से होगा। मंदिर परिसर में 20 से 28 दिसंबर तक श्रीराम कथा का आयोजन होगा, जिसके शुभारंभ पर 20 दिसंबर की सुबह साढ़े 10 बजे श्रीतालवाले बालाजी मंदिर से श्रीपंचमुखी बालाजी मंदिर तक ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी। दोपहर साढ़े 12 बजे से शाम साढ़े चार बजे तक आयोजित होने वाली कथा का वाचन पंडित शंभुशरण लाटा करेंगे। 29 दिसंबर को बाबा रामदेव का जम्मा होगा। कथा में शहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए श्रीतालवाले बालाजी मंदिर, धानुका कुआ, रामचंद्र पार्क, घंटाघर व छोटी स्टेट के पास से निशुल्क वाहन व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी। आयोजन को लेकर श्रीपंचमुखी बालाजी भक्त मंडल, भाईजी हनुमानप्रसाद पौद्दार के परिकर, प्राचीन श्रीश्याम मंदिर कमेटी, नवज्योति पंडितपुर रामलीला, खांडल विप्र युवा मंडल, आर्यावर्त हिंदु युवा सेना, श्रीगौड़ ब्राह्मण युवक संघ, ग्रामीण किसान छात्रावास परिवार के सदस्य जुटे हुए हैं। कथा के पोस्टर का विमोचन बुधवार को श्रीपंचमुखी बालाजी मंदिर में हुआ। आयोजन समिति के अजय बणसिया ने बताया कि कथा के मुख्य यजमान बंशीधर पवन सेवदा व रामेश्वरलाल पूर्णमल बणसिया परिवार होंगे। इस अवसर पर लालचंद सोनी, अशोक बिरड़ा, पिंटू शर्मा, अनिरूद्ध दायमा, भीमराज प्रजापत, सूरजभान ढाका, धर्मवीर सुंडा, ताराचंद भाटी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## सेवा संकल्प दिवस को लेकर भाजपा की बैठक, तैयारियों पर मंथन



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र के गौरीसर मण्डल की बैठक बुधवार को स्थानीय भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता दीनदयाल पारीक ने कहा कि 20 दिसम्बर को सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाने का निर्णय हुआ है, इसकी तैयारियों को लेकर भाजपा के प्रत्येक मण्डल पर बैठक का आयोजन किया जा रहा है। मण्डल स्तर पर सघन सम्पर्क करते हुए सेवा सकल्प दिवस में शामिल होने का आह्वान किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं में सेवा संकल्प दिवस को लेकर काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। इस अवसर पर अर्जुन सिंह फ्रांसा, हिम्मत सिंह मालासी, मण्डल अध्यक्ष सुशिल इंदौरिया, पर्वत सिंह, राकेश गौड़, बनवारी मेघवाल, सरपंच संपत नायक, सीताराम शर्मा, गिरधारी लाल प्रजापत, राजेश मेघवाल, गोविंद शर्मा, महेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, शक्ति सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सुशील शर्मा सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## मण्डावा में प्रतिभावान बेटियों का सम्मान 13 को

**मण्डावा(निस)।** कस्बे की समाजसेवी संस्थान श्री गांधी जनकल्याण समिति की ओर से श्रीमती नानीबाई जैपुरिया राजकीय बालिका उमावि, मण्डावा में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजन किया गया जिसमें करीब 60 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अव्वल रही टॉप टेन प्रतिभावान छात्रा क्रमशः कंचन, प्रियंका सैनी, तनवी, हेमलता, मोनू मारवाल, समीरा, अनिता, नायला, गजाला व नंदिनी सैनी का शनिवार को सुबह सवा 11 बजे नानीबाई जैपुरिया राजकीय बालिका उमावि , मण्डावा में प्रायोजक श्री गांधी जन कल्याण समिति की ओर से सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम प्रभारी सूर्यप्रकाश लाहोरा ने दी।

# करणी कथा शतक महोत्सव पोस्टर का विमोचन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** देशनोक धाम में श्री करणी कथा का शतक महोत्सव के पोस्टर का बुधवार को विमोचन किया गया। महंत डॉ करणी प्रताप सिंह मां करणी की 100 वीं कथा का वाचन करेंगे। इस अवसर पर बुधवार को कथा के पोस्टर का विमोचन रेलवे फाटक के पास स्थित नर्मदेश्वर करणी माता मंदिर में किया गया। नौ दिवसीय यह कथा 16 दिसंबर से 24 दिसंबर देशनोक में दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक होगी। इस अवसर पर महंत डॉ करणी प्रताप सिंह ने कहा कि जो भक्त करणी माता को सच्चे भाव से याद करता हैं, मां करणी की शरण में आने पर वह दूर हो जाते हैं। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में नर्मदेश्वर करणी माता के पुजारी राजकुमार जोशी, पवन पुरोहित, तरुण तिवाड़ी, श्रीनिवास पुरोहित, पंकज पुरोहित, नरेन्द्र राजपूत, हेमंत सैन, धीरज रक्षक, कमल माली, सीताराम पांडिया, दिलीप व्यास, श्याम पाण्डिया सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे। कथा के शुभारंभ पर कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं के साथ-साथ संत-महात्माओं का भी सान्निध्य रहेगा। कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। कथा के आयोजन के तहत कन्याओं का पूजन किया जाएगा और प्रतिदिन लगभग 700 मंत्रों द्वारा यज्ञ में आहुतियां दी जाएगी। निशुल्क नेत्र जांच व चश्मा वितरण शिविर आयोजन के दौरान जयपुर की एसएमएस हॉस्पिटल से सेवानिवृत्त नेत्र विशेषज्ञ निर्मल मुद्गल की अध्यक्षता में शताक्षी आई हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क नेत्र जांच तथा चश्मा वितरण शिविर लगाया जाएगा। भजन गायक किन्नू बन्ना ने बताया कि बाहर से आने वाले सभी भक्तों के भोजन व ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में मां करणी के सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

## फुटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे झुंझुनू के अरविंद धीवा

**मण्डावा(निस)।** शारीरिक शिक्षक मेहरादासी निवासी अरविंद धीवा अखिल भारतीय सिविल सेवा फुटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्मिक विभाग की ओर से केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड, नई दिल्ली के तत्वावधान में 8 से 15 दिसम्बर तक गोवा में प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसमें मेहरादासी निवासी अरविन्द धीवा जो कि राउप्रावि हिंदवाङसवाई माधोपुर में पदस्थापित है।

## शहीद रामनिवास डूडी का शहादत दिवस मनाया

**मण्डावा(निस)।** शेखसर में अमर शहीद रामनिवास डूडी की 54 वी पुण्यतिथि पर बुधवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विकास डुडी ने बताया कि अमर शहीद रामनिवास डुडी का जन्म 1 जुलाई 1947 को हुआ था और 10 जुलाई 1965 को 9 वीं जाट रेजीमेंट में भर्ती हुए थे। 1971 में भारत पाक युद्ध के दौरान जम्मू-कश्मीर में अपने अदम्य साहस का साहस का परिचय देते हुए 10 दिसम्बर 1971 को वीरगति को प्राप्त हो गए थे। इस अवसर पर कप्तान बजरंग लाल डुडी, रामलाल डुडी, रणधीर डुडी, मनीराम, अमरसिंह, सांवरमल, गोवर्धन, सुधीर, कर्मवीर सुभाष, किशोर, डॉ सुरेन्द्र पुनिया कुमास , विकास, इकरार खान, राकेश, विजेन्द्र आशिष, राजेश, सोहनलाल,आमीन खां, संदीप डूडी, तालीब हुसैन,अजय सिहाग, आलोक,अनील कुमार आरीफ हुसैन, अशोक कुमार, नरेंद्र कुमार, मुकेश आदि मौजूद रहे।

## अभिभाषक संघ अध्यक्ष पद के लिए 6 नामांकन दाखिल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अभिभाषक संघ सुजानगढ़ के चुनावों के लिए नामांकन दाखिल कर दिए गए हैं। निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट बुद्धिप्रकाश प्रजापत ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए प्रदीप कठातला, राजेंद्र सोनी, बनवारीलाल खीचड़, सूरजमल यादव, भीमशंकर शर्मा, ओमप्रकाश घोटिया ने नामांकन दाखिल किया है। इसी प्रकार उपाध्यक्ष के लिए नरेश सींवर, प्रदीप कठातला, नवरतन सैनी, तोलाराम गोदारा, हरीश पाण्डिया ने, सचिव के लिए डूंगरसिंह, प्रदीप कठातला, ओमप्रकाश, बनवारी लाल बिजारणिया, नवरतन सैनी, हेमेन्द्रसिंह, संयुक्त सचिव के लिए नरेश सींवर, प्रदीप कठातला, महावीर, विकास भार्गव ने नामांकन दाखिल किए हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट मधु चोबदार ने बताया कि कोष सचिव पद के लिए विकास भार्गव, ओमप्रकाश शर्मा ने नामांकन दाखिल किए हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट दशरसिंह ने बताया कि पुस्तकालय सचिव के लिए डूंगरसिंह, प्रदीप कठातला, किशनलाल शर्मा ने नामांकन दाखिल किए हैं।

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**
Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567- 294504

क्रमांकः– न.पा.रा./2025–26/10427 दिनांकः– 04.12.2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for 12 Work is invited from interested bidders upto 15.12-2025, 01.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://sppp.raj.nic.in) (www.eproc.rjasthan.gov.in)**
**NIB Code – DLB2526A8759**
**UBN Code – (DLB2526WSRC26266), (DLB2526WSRC26269), (DLB2526WSRC26270), (DLB2526WSRC26274), (DLB2526WSRC26275), (DLB2526WSRC26277), (DLB2526WSRC26278), (DLB2526WSRC26279), (DLB2526WSRC26281), (DLB2526WSRC26282), (DLB2526WSRC26285), (DLB2526WSRC26286)**

राज.संवाद/सी/25/15494 अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**
Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567- 294504

क्रमांकः– न.पा.रा./2025–26/10456 दिनांकः– 08.12.2025

**Corregendum Notice**

इस पालिका के निविदा क्रमांक 10386 दिनांक 02.12.2025 के द्वारा जारी निविदा जिसके –
**NIB Code - DLB2526A8810**
**UBN Code - – (DLB2526GLRC26425)**

जो दिनांक 17.12.2025 दोपहर 01:00 बजे को जमा ली जाकर दिनांक 18.12.2025 दोपहर 03:00 को खोली जानी थी। जिसमें भुलवशः प्रोसेसिंग शुल्क/धरोहर राशि आदि दस्तावेज भौतिक रूप से जमा कराने की दिनांक 17.12.2025 के स्थान पर 04.12.2025 अंकित कर दी गई थी। अतः दिनांक 04.12.2025 के स्थान पर दिनांक 17.12.2025 पढ़ा जावे।

शेष शर्ते व नियम यथावत रहेंगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर

राज.संवाद/सी/25/15493

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**
E-mail id:- raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504

क्रमांकः– न.पा.रा./2025–26/10453 दिनांकः– 08.12.2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for 01 Work is invited from interested bidders upto 19.12.2025, 01.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) (www.eproc.rjasthan.gov.in)
**NIB Code – DLB202526A8873**
**UBN Code – (DLB2526SSRC26543)**

राज.संवाद/सी/25/15492 अधिशाषी अधिकारी

**नाम संशोधन सूचना**

मेरे पुराने पासपोर्ट संख्या - P2879782 में मेरा नाम अंग्रेजी वर्णमाला में MOHAMMAD ARSAD दर्ज है तथा अब मैं अपने पासपोर्ट संख्या-P2879782 में अपना नाम MOHAMMAD व सरनेम के स्थान पर ARSAD रखना चाहूता हूँ। Mohammad Arsad पुत्र Yakub Ali, जाति कायमखानी, निवासी आथूना मोहल्ला वार्ड संख्या 10, चूरू, तहसील व जिला चूरू (राज.)

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN SUJANGARH**

No:-2148-2162 Date: 03/12/2025

**Notice Inviting Bid No 20/2025-26**

Bids for 09 (Nine Nos) work are invited from interested bidders upto 18.00 PM dated 15.12.2025 Other Particulars of the Bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc. rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and PWD departmental website th. The approximate value of the procurement is Rs. 37.67 Lacs

NIB No: PWD2526A4603
1. PWD2526WSOB18255 2. PWD2526WSOB18256
3. PWD2526WSOB18258 4. PWD2526WSOB18260
5. PWD2526WSOB18261 6. PWD2526WSOB18266
7. PWD2526WSOB18268 8. PWD2526WSOB18269
9. PWD2526WSOB18271

**Executive Engiener**
**PWD Dn. Sujangarh**

DIPR/C/18122/2025

राजस्थान सरकार
**कार्यालय जिला कलक्टर, चूरू**

क्रमांकः- लेखा/निविदा/2024/1920-6226 दिनांक- 05/12/25

**ई-बोली आमन्त्रण सूचना - 1 / 2025-26**

कार्यालय जिला कलक्टर चूरू हेतु आई.टी उपकरण कम्प्यूटर, प्रिन्टर, कलर स्कैनर, यूपीएस, डिजीटल सिग्नेचर (राशि रू. 19,36,000 /- ) आपूर्ति करने वाले विनिर्माता / पंजिकृत इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 16.12.2025 समय सायं 06.00 बजे तक ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित की जाती वैब साईट है। बोली से संबंधित विस्तृत विवरण सूचना एवं बोली दस्तावेज eproc.rajasthan.gov.in & sppp.rajasthan.gov.in पर देखी.... अपलॉड की जा सकती हैं।
UBN- CCH2526G20B00019

अति. जिला कलक्टर
चूरू

DIPR/C/18134/2025

## मूंगफली से भरी ट्रोली पलटी, भारी वाहनों से जनता परेशान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर में रेलवे ओवर ब्रिज का काम चलने के कारण ट्रेफिक को शहर के अंदर से डायवर्ट किया गया। जिसके कारण शहर के अंदर से बसो का आवागमन हुआ। लेकिन बसों वाले लोग कई बार बसो को रेल फाटकों के रास्ते से मेगाहाईवे की ओर ले जाते हैं, जिसके कारण ट्रेफिक जाम की समस्या गहरा जाती है। भाजपा नेता और नगरपरिषद के उप नेता प्रतिपक्ष रिछपाल बिजारणिया ने बताया कि हालांकि प्रशासन की ओर से सुजला कॉलेज तिराहे से ट्रेफिक डाइवर्ट किया गया है, लेकिन कई बार बस चालकों फाटकों से बसें ले जाते हैं, जिसके कारण जाम भी लग जाता है। पूरी तरह से इन बसों को सुजला कॉलेज से ही डाईवर्ट करने की मांग बिजारणिया ने की है। दूसरी ओर बुधवार को दिन में एक किसान जो मूफली की झाल लेकर आया था, उसकी ट्रोली फाटक पर ही पलट गई, जिसके कारण मूंगगफली कीचड़ के पास बिखर गई, जिससे किसान को काफी नुकसान हुआ। बाद में दूसरी ट्रोली मंगलवाकर किसान ने अपनी मूंगफली उठाई। लोगों ने बताया कि मेगाहाईवे से बसें और ओवरलोड वाहन आते हैं, जिसके कारण बस्ती में काफी दिक्कत होती है।

## टॉवर लगाने की मांग, ज्ञापन सौंपा

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र गुर्जर ने जोधपुर विद्युत वितरण निगम लि. के सहायक अभियंता को एक पत्र देकर भारत माता चौक में बड़ा विद्युत टॉवर लगाने की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि भारत माता चौक में विद्युत ट्रांसफार्मर पर 11केवी की लाइन आ रही है, जो काफी नीची है। जबकि इस चौक में कई बार सार्वजनिक आयोजन होते रहते हैं। अतः हादसों की आशंका को देखते हुए विद्युत टॉवर लगवाकर तार ऊपर किए जाने की मांग की गई है।

**कार्यालय नगरपरिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

क्रमांक :– न.प.सु./भूमि शाखा/2025/9067 दिनांक 03.12.2025

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा 69ए/कृषि भूमि नियमन के अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के संबध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद मियाद गुजरने पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा, और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी।

| क. सं. | आवेदक का नाम व पता | कस्बा | पता | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय/ व्यावसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | प्रेम कोठारी पुत्र खडक सिंह | सुजानगढ़ | कोठारी बास | 212.67 | आवासीय |
| 02 | राकेश बारवासा पुत्र हनुमान मल | सुजानगढ़ | हरिजन बस्ती | 93.64 | आवासीय |
| 03 | मोहम्मद इस्माइल पुत्र मोहम्मद सलीम व साबिरा पत्नी मोहम्मद सलीम | सुजानगढ़ | व्यापारी चौक, रेगर बस्ती | 67.4 | आवासीय |
| 04 | सीताराम पुत्र भंवरलाल | सुजानगढ़ | दुलिया बास | 209.30 | आवासीय |
| 05 | खडक सिंह कोठारी पुत्र मांगीलाल कोठारी | सुजानगढ़ | कोठारी बास | 266.94 | आवासीय |
| 06 | हरिशंकर शर्मा पुत्र मुलचंद शर्मा | सुजानगढ़ | सरावगीयान बाहुबली मंदिर के पास | 101.19 | आवासीय |
| 07 | आसिफ पुत्र याकूब व्यापारी | सुजानगढ़ | व्यापारी चौक, रेगर बस्ती | 66.7 | आवासीय |
| 08 | विजय सिंह पुत्र चुन्नीलाल जरिये मुख्तयार श्री अनिल जैन पुत्र विजय सिंह | सुजानगढ़ | बागरेचा बास,वार्ड नं. 26 | 361.52 | आवासीय |

**कृषि भूमि नियमन पत्रावली**

| क. सं. | आवेदक का नाम | कस्बा | ख.न. | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय/ व्यावसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संदीप पुत्र मांगीलाल | सुजानगढ़ | 1152 | 108.64 | आवासीय |
| 2. | श्रीमती कुन्तेश पत्नी मदन गोपाल सोनी | सुजानगढ़ | 664 | 297.28 | आवसीय |
| 3. | श्रीमती मंजू पत्नी कन्हैयालाल शर्मा व सुनीता शर्मा पत्नी राम शर्मा | सुजानगढ़ | 260 | 1363.76 | आवासीय |
| 4. | जुगल किशोर शर्मा पुत्र डूंगर मल शर्मा | सुजानगढ़ | 1197 | 182.87 | आवासीय |
| 5. | हमीद पुत्र इशाक मोहम्मद | सुजानगढ | 1466 | 234.11 | आवासीय |

राज.संवाद/सी/25/15451 आयुक्त

**कार्यालय ग्राम पंचायत भानीपुरा पंचायत समिति सरदारशहर**

क्रमांक :- ग्रा.प. / निविदा / 2025-26 / 64 दिनांक :- 08.12.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या- 03/2025-26**

ग्राम पंचायत में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य को पंचायती राज नियम 181 के तहत करवाया जाना प्रस्तावित है। जिस हेतु ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदा से संबंधित शर्ते एवं निविदा प्रपत्र को वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर व WWW. eproc.rajasthan.gov.in देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

| NIB No. | UBN No. | निविदा दस्तावेज जमा करवाने एवं निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|
| PDN2526A0249 | PDN2526WSOB00257 | 16.12.2025 को 12.00 बजे तक एवं शायः 04 बजे |

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भानीपुरा

सरपंच
ग्राम पंचायत भानीपुरा

**OFFICE OF PANCHAYAT SAMITI PATAN (SIKAR)**

S.NO.: 1709 DATE: t0-12-2025

**Noticc Invitine Bid**

Bid for construction works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto 09-12-2025, 09:30 AM to 18-12-2025, 01:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.rai.nic.in) ofthe state. The approximate value ofthe work is maximum RS. 500000/
UBN No. PKP2526WSOB00215-217

**BDO**
**GP PATAN**

## एमजीजीएस सिंघावली बरेह के छात्र-छात्राओं का औद्योगिक भ्रमण




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में एक एमजीजीएस सिंघावली बरेह के छात्र-छात्राओं को औद्योगिक कार्यप्रणाली से अवगत कराने के उद्देश्य से विद्यालय प्रशासन की ओर से औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपप्रधानाचार्य मुकेश कुमार जाटव द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के साथ हुई। छात्र-छात्राओं ने धौलपुर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में वंशी ग्रुप की यूनिट बिग ड्रीमर का भ्रमण किया, जहाँ कंपनी में हो रहे होजरी और गारमेंट्स उत्पादों के निर्माण की विस्तृत जानकारी दी गई। कंपनी के मैनेजर आकाश पचौरी ने छात्रों को यह समझाया कि किस प्रकार कच्चे माल से तैयार प्रोडक्ट बनाया जाता है और फिर उसे बाज़ार तक पहुँचाया जाता है। उन्होंने उत्पादन की पूरी प्रक्रिया–डिज़ाइनिंग, कटिंग, स्टिचिंग, पैकिंग और मार्केट सप्लाई–का लाइव प्रदर्शन भी कराया। इसके साथ ही आकाश पचौरी ने बताया कि वंशी ग्रुप की कई यूनिटें कार्यरत हैं, जहाँ 12वीं पास और 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं के लिए रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जाते हैं। इस जानकारी को सुनकर छात्रों में उत्साह और औद्योगिक क्षेत्र को समझने की जिज्ञासा और बढ़ गई। विद्यालय प्रशासन नीरज झा ने ऐसे भ्रमण को छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को उद्योगों की वास्तविक कार्यप्रणाली और रोजगार के अवसरों को समझने में मदद मिलती है। विद्यालय स्टाफ से प्रभारी रामदास शर्मा, अनुपम शर्मा, नीरज झा, विनीता करसोलिया, दीक्षा शर्मा उपस्थित रहे।

## जिला कौशल समन्वयक की लापरवाही पड़ सकती है भारी, गिर रही जिले की रैंक

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजस्थान कौशल आजीविका विकास निगम जिसका की आशान्वित जिला कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका है कौशल विकास और वित्तीय समावेशन की मासिक प्रगति रिपोर्ट के आधार पर त्रैमासिक रैंक जारी की जाती हैं। धौलपुर जिले के नव नियुक्त जिला कौशल समन्वयक भरत सिंह ना तो मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार कर रहे है ना ही आशान्वित जिले में आशान्वित् ब्लॉक बसेड़ी के लिए कोई प्रशिक्षण कार्यक्रम की मांग मुख्यालय को भेजी गई है। बल्कि राजस्थान कौशल आजीविका विकास निगम के मुख्यालय की ओर से आशान्वित ब्लॉक विकास के लिए अलग से एक प्रशिक्षण कार्यादेश जारी भी किया मगर जिला कौशल समन्वयक की जानकारी के अभाव और मनमर्जी के चलते उस प्रशिक्षण कार्यक्रम को आशान्वित ब्लॉक सैंपऊ के लिए जारी कार्यक्रम को आशान्वित ब्लॉक से बाहर जिले स्तर पर शिफ्ट कर दिया है नतीजन ब्लॉक के आशान्वित युवक युवतियों को प्रशिक्षण का लाभ नहीं मिल पाएगा जिससे ब्लॉक के लिए जारी रैंक स्वाभाविक रूप से गिरेगी। जिले से बेरोजगार युवक युवतियों जब भी जिला कार्यालय पर श्रीमान से मिलकर प्रशिक्षण संबंधी जानकारी लेने जाते है, तब एक ही जबाव मिलता है मुझे भी पता नहीं, जयपुर बात करो। जिससे बेरोजगार युवक युवतियों परेशान हो गए है। उनको विभाग की संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी भी नहीं मिल पा रही है।

## बदरैठा जानलेवा हमले का एक और आरोपी गिरफ्तार

### अब तक 8 आरोपी हो चुके गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पुलिस ने जानलेवा हमले के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा आरपीएस के निर्देशन में राजस्थान पुलिस मुख्यालय जयपुर की ओर से पुराने मामलों में फरार अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे धरपकड़ अभियान को मध्येनजर रखते हुए अभियान के दौरान अनूप सिंह आरपीएस वृताधिकारी वृत धौलपुर ग्रामीण सैंपऊ के सुपरविजन में रामकिशन यादव पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना कंचनपुर के नेतृत्व में हत्या के प्रयास मामले में फरार चल रहे धारा बीएनएस में फरार मुल्जिम महेश पुत्र अतरसिंह उम्र 36 साल कुशवाह निवासी गांव विक्रमपुरा बदरैठा थाना कंचनपुर जिला धौलपुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई। घटना 11 नवम्बर 2025 को गुड्डी निवासी बदरैठा थाना कंचनपुर ने एक रिपोर्ट इस आशय पेश की थी कि गांव बदरैठा में जमीनी विवाद को लेकर उक्त मुल्जिम अवधेस अजय व जोगेश व अन्य ने एकराय होकर प्रार्थीया के परिजनों पर हमला कर दिया। जिससे प्रार्थीया के पक्ष के अतरा के गंभीर चोट आई।

## आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**धौलपुर(निस)।** 220 केवी ग्रिड सब-स्टेशन से निकलने वाले 33 केवी दरियापुर व सैपऊ पर मरम्मत व रख-रखाव होने के कारण गुरुवार को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियन्ता एचटीएम जयपुर डिस्कॉम धौलपुर ने बताया कि 33 केवी दरियापुर से निकलने वाले 11 केवी लक्ष्मीनाथ ऑयल मील, महाराजा कोल्ड, सकतपुर, रोंमसन, औड़ेला, गरिमा, एमसीएम उम्मेदी नगर, रीको पैनल, अल्फा, तगावली ट्रीटमेंट, पालीवाल व मित्तल वाला, राजाखेड़ा बाईपास, उम्मेदीनगर, राठौर कॉलोनी, सुन्दर कॉलोनी व बजरंग कॉलोनी तथा 33 केवी सैपऊ लाइन से सम्बन्धित क्षेत्रों की गुरुवार को दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## खोया पाया

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रामनगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि . का अनिल पंवार के नाम से जारी प्लॉट नं 216, श्री नारायण विहार (1) , बस्सी जयपुर का ओरिजिनल पट्टा खो गया । यदि किसी को मिले तो हमें इस नंबर पर सूचित करें। 7821986415

# जनगणना कार्य अतिमहत्वपूर्ण, इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरतेः कलेक्टर

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जनगणना 2027 की तैयारियों के अन्तर्गत जिले की प्रशासनिक इकाईयों की सूची व नक्शों के सत्यापन के लिए एक दिवसीय कैम्प का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के अध्यक्षता में जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। जिला कलक्टर ने कहा कि पहला चरण अप्रैल से सितंबर 2026 तक मकान सूचीकरण और आवास गणना की जाएगी तथा द्वितीय चरण फरवरी 2027 से जनसंख्या गणना की जाएगी। उन्होंने कहा कि तहसील के समस्त राजस्व ग्रामों की एवं नगरीय निकायों के वार्डो की अद्यतित सूची तैयार की जाएगी। जनगणना 2011 के पश्चात् सीमाओं में परिवर्तन गठन आदि से सम्बन्धित जारी समस्त अधिसूचना, तहसील का नक्शा, समस्त राजस्व ग्रामों को दर्शाते हुए और नगरीय निकाय पर प्रमाणित नक्शा वर्तमान परिसीमन के अनुसार वार्डो की सीमाओं को दर्शाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व ग्रामों की संख्या, वर्तनी हिन्दी व अंग्रेजी, क्षेत्रफल, ग्राम पंचायत, पंचायत समिति की पुष्टि व नक्शों का सत्यापन किया जाना है। जनगणना 2027 के लिए यह सभी कार्य अतिमहत्वपूर्ण है। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरते। लोगों से कुल 33 जानकारियां ली जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बार जनगणना में लोगों से कुल 33 जानकारियां ली जाएंगी। इसमें नाम, भवन नम्बर जैसी सामान्य जानकारियों के अलावा कई महत्वपूर्ण सवाल होंगे। इस बार समय के हिसाब से जनगणना के प्रश्नों में बदलाव किया गया है। 2011 की जनगणना में नागरिकों से 29 प्रकार की जानकारियां ली गई थी। इस बार लोगों से इंटरनेट सुविधा, लैपटॉप या कंप्यूटर है या नहीं? इंटरनेट सुविधा है या नहीं? क्या लैपटॉप, कंप्यूटर, मोबाइल स्मार्टफोन या कोई दूसरी डिवाइस यूज करते हैं? इस तरह के सवाल भी पूछे जाएंगे। इसके साथ ही लोग घर पर चावल, गेहूं, ज्वार, बाजरा, मक्का या इसके अलावा कौनसा मुख्य अनाज खाते हैं यह भी पूछा जाएगा।

### ये सवाल भी होंगे

पेयजल का मुख्य स्रोत, गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था, नाली खुली है या पैक, खाना पकाने के लिए किस ईंधन का प्रयोग होता है, घर में शौचालय और परिवार के इस्तेमाल के लिए प्रयाग शौचालय है या नहीं ये सवाल भी होगा। इसके साथ ही लोगों से यह भी पूछा जाएगा कि वे एससी, एसटी या अन्य किस वर्ग से आते हैं। उनके घर में सदस्यों के रहने के लिए कुल कितने कमरे हैं? घर में कार, जीप, मोटरसाइकिल, साइकिल क्या वाहन उपलब्ध है। ये तमाम जानकारियां ली जाएंगी। वहीं मकान में छत, दीवार और फर्श किससे बनी है यह जानकारी भी इकट्ठा की जाएगी।इस बार जनगणना डिजिटल माध्यम से की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बार जनगणना डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जबकि 2011 में इसके लिए आईसीआर तकनीक का उपयोग किया गया था। स्मार्टफोन और टैबलेट जैसे आधुनिक उपकरणों के जरिये जानकारी एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे प्रक्रिया अधिक तेज और पारदर्शी हो सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए विशेष ऐप बनाए गए है, जो प्रगणकों व अन्य अधिकारियों के काम को आसान करेंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर एवं सैपऊ कर्मवीर सिंह, बाड़ी भगवत शरण त्यागी, बसेड़ी सुरेन्द्र शर्मा, राजाखेड़ा सुशीला मीणा, सहायक निदेशक निदेशालय जनगणना जयपुर विशाल शर्मा, सांख्यिकी अन्वेषक सचिन कुमार, बृजेश शर्मा, श्वेता मीणा, उपनिदेशक सांख्यिकी विभाग राजेश कुमार, नगर परिषद आयुक्त तथा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बेरोजगारों के लिए सुनहरा अवसर

## सुरक्षा गार्ड, सुरक्षा सुपरवाइजर व सुरक्षा अधिकारी के लिए 12 से 18 दिसम्बर तक होगा रोजगार शिविर का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला रोजगार कार्यालय व भारतीय सुरक्षा परिषद के संयुक्त तत्वाधान में भारत सरकार पसारा एक्ट के तहत ग्रामीण व शहरी शिक्षित बेरोजगार युवाओं को सुरक्षा गार्ड एवं सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षा अधिकारी के पद पर भर्ती के लिए चयन परीक्षा कार्यक्रम 12 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक आयोजित कैम्पस प्लेसमेंट शिविर में अभ्यार्थियों की भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि 12 दिसम्बर को तहसील राजाखेड़ा का, 13 दिसम्बर को तहसील बसेड़ी का, 14 दिसम्बर को तहसील सरमथुरा का, 15 दिसम्बर को तहसील सैपऊ का, 16 दिसम्बर को तहसील बाड़ी का, 17 दिसम्बर को तहसील धौलपुर का तथा 18 दिसम्बर को धौलपुर व समस्त जिलों के अभ्यर्थी का जिला रोजगार कार्यालय परिसर बस स्टैण्ड के पास प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भर्ती स्थल पर ही रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थी 10वीं पास, ऊंचाई 170 सेमी से 168 सेमी, वजन 55 से 90 किलोग्राम, सीना 80 से 85 सेमी तथा आयु 19 से 40 वर्ष होनी चाहिए। इसके साथ ही शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त 65 वर्ष की आयु तक स्थायी रोजगार प्रदान किया जाएगा। एसआईएस रीजनल ट्रेनिंग एकेडमी नीमच की ओर से भारत सरकार के ऐतिहासिक स्मारकों, प्रतिष्ठानों, उद्योग संस्थानों, मल्टीनेशनल क्षेत्र हवाई अड्डा, बंदरगाह, बैंक सेक्टर, मल्टीनेशनल इकाईयों आदि में रोजगार प्रदान किया जाएगा। जिले के इच्छुक बेरोजगार आशार्थी अपने मूल दस्तावेजों की 2 प्रतिलिपियों एवं 2 फोटो व पेन के साथ कार्यक्रमानुसार तिथियों पर जिला रोजगार कार्यालय में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाएं।

## अल्पसंख्यक कल्याण विभाग और जगन फाउंडेशन का मासिक धर्म जागरूकता कार्यक्रम पीरियड का पीरियड

### 200 बेटियों को सेनेटरी नैपकिन किट वितरित



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जगन फाउंडेशन ने जयपुर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध के कुशल नेतृत्व में अपने दूसरे चरण का सफल समापन किया। इस पहल के तहत तीन मदरसों में 200 बेटियों को सेनेटरी नैपकिन किट्स वितरित किए गए, जो लड़कियों के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लड़कियों को स्वच्छ और सुरक्षित मासिक धर्म प्रबंधन के प्रति जागरूक करना है। मालविका मुदगल, संस्थापक,जगन फाउंडेशन का मानना है कि मेहनत और शिक्षा से लड़कियों को तनाव मुक्त माहवारी का अधिकार मिलना चाहिए, जिससे वे आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें। अभिषेक सिद्ध ने कहा कि हम अगली पीढ़ी को स्वास्थ और सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्वच्छता और शिक्षा के बीच की खाई को पाटना हमारी प्राथमिकता है। यह कार्यक्रम मासिक धर्म स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मालविका मुदगल, संस्थापक, जगन फाउंडेशन के साथ साझेदारी में आयोजित किया गया। मालविका मुदगल, संस्थापक, जगन फाउंडेशन ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हम मासिक धर्म को एक प्राकृतिक प्रक्रिया के रूप में समझाने, स्वच्छता की बेहतर आदतें विकसित करने, और सुरक्षित सेनेटरी उत्पादों के उपयोग को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रहे हैं। मदरसों के नाम मदरसा गुलजार मिडल स्कूल तोपखाना घाटगेट जयपुर, मदरसा प्राइमरी मिडल स्कूल घाटगेट जयपुर, मदरसा फ़ैज़ ए आलम तोपखाना हुज़री जयपुर है। कार्यक्रम के दौरान वर्कशॉप के माध्यम से छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण, और मानसिक संकोच दूर करने के विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया और निःशुल्क सेनेटरी किट वितरित की गई। यह पहल सामाजिक सुधार के लिए एक अनूठी नवोन्मेष है, जो बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक, स्वावलंबी और सशक्त बनाएगी, और भविष्य में इसे और बढ़ाया जाएगा। जगन फाउंडेशन इस प्रकार की सामाजिक पहलों को आगे भी जारी रखेगी जिससे हर बेटी को स्वास्थ्य और शिक्षा में बेहतर अवसर मिल सकें ।

## उप प्राचार्य पद यथावत रखने की मांग, कलेक्टर को ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला कलेक्टर धौलपुर श्रीनिधि बीटी को राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद (उप-प्राचार्य) संगठन की ओर से प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर शासन उप सचिव, राजस्थान सरकार शिक्षा (ग्रुप-1) के आदेश क्रमांकः F.22 (12) Edu-1/2025-26487-6811962 जयपुर, दिनांक 28.03.2025 Raj Kaj Ref No. 14482092 को निरस्त करवाते हुए उप प्राचार्य पद को यथावत रखने के लिए मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार, जयपुर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। संयोजक घनश्याम दास मीना ने बताया कि राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद उप-प्राचार्य संगठन ने सरकार से मांग की है कि स्कूल शिक्षा विभाग अन्तर्गत उप-प्रधानाचार्य कैडर को डाइंग कैडर घोषित न करते हुए उप प्राचार्य पद को डांईग कैडर घोषित करने के सरकार के आदेश को निरस्त कर उप प्राचार्य पद को यथावत रखा जाए। उप प्राचार्य पद के स्थान पर वरिष्ठ व्याख्याता पद का संगठन पुरजोर विरोध करता है। सह संयोजक राजन सिंह मीना ने बताया कि उप प्राचार्य पद यथावत् रखने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने का आदेश जारी करने के संबंध में सरकार जल्द से जल्द निर्देश जारी करें। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि सरकार इस महत्वपूर्ण मांग पर गंभीरतापूर्वक एवं सकारात्मक कार्यवाही कर संगठन हित में उचित कार्रवाई करेगी। इस अवसर पर उप प्राचार्य संगठन के मुकेश शुक्ला, भगवान सिंह मीना, पारसराम, अशोक कुमार शर्मा, राधेश्याम ,रामफल मीना, रामदास बघेल, देवेंद्र शर्मा, रामनिवास मीना,शिव सिंह, माधव सिंह, जॉनी कुमार धाकड़ सहित संगठन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## राज्य सरकार की दूसरी वर्षगांठ पर विशेष 2 सालः नव उत्थान-नई पहचान, बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान

### सहकार से समृद्धि की संकल्पना को साकार करने में राजस्थान अग्रणीकृ 'सहकार सदस्यता अभियान' से मिली सहकारी तंत्र को मजबूती

2 साल
नव उत्थान - नई पहचान
बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार 'सहकार से समृद्धि' की संकल्पना को मूर्त रूप देने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। राज्य में सहकारिता आंदोलन को जमीनी स्तर तक विस्तार देने तथा आमजन को अधिकाधिक संख्या में जोड़ने के उद्देश्य से अक्टूबर माह में आयोजित 'सहकार सदस्यता अभियान' सफल सिद्ध हुआ है। अभियान की प्रारंभिक अवधि 2 से 15 अक्टूबर निर्धारित की गई थी, जिसे प्राप्त उत्साहजनक परिणामों के फलस्वरूप 22 अक्टूबर तक बढ़ाया गया। अभियान के दौरान लगभग 8,500 पैक्स स्तर पर शिविर आयोजित किए गए तथा युवाओं एवं महिलाओं को विशेष रूप से सहकारी संस्थाओं से जोड़ने पर बल दिया गया। परिणामस्वरूप 7.34 लाख के निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 8.90 लाख से अधिक लोगों ने सदस्यता के लिए आवेदन किया। अभियान अवधि में 7 में से 6 संभागों ने लक्ष्य से बेहतर प्रदर्शन किया।

### संभागों का प्रदर्शन इस प्रकार रहाः

जयपुर संभागः लक्ष्य 1.25 लाख, उपलब्धि 2.03 लाख, उदयपुर संभागः लक्ष्य 1.01 लाख, उपलब्धि 1.30 लाख, अजमेर संभागः लक्ष्य 1.15 लाख, उपलब्धि 1.22 लाख, बीकानेर संभागः लक्ष्य 99 हजार, उपलब्धि 1.19 लाख, कोटा संभागः लक्ष्य 53 हजार, उपलब्धि 68 हजार, भरतपुर संभागः लक्ष्य 74 हजार, उपलब्धि 95 हजार, जोधपुर संभागः कुल उपलब्धि 1.53 लाख अभियान के दौरान पैक्सविहीन ग्राम पंचायतों में नवीन पैक्स गठन की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई। इस दौरान 1,706 ग्राम पंचायतों में सर्वे कार्य पूर्ण हुआ, 1,296 पैक्स हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई और 1,275 नए पैक्स गठन के प्रस्ताव प्राप्त हुए। इसी प्रकार सहकारी समितियों की आधारभूत संरचना सुदृढ़ करने के लिए 1,342 समितियों में गोदाम निर्माण के लिए भूमि का चिन्हीकरण किया गया तथा 1,215 समितियों द्वारा भूमि आवंटन के लिए आवेदन किया गया। इससे आगामी वर्षों में राज्य की भंडारण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। अभियान अवधि में पीएम किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित लम्बित प्रकरणों का भी निस्तारण किया गया। इस दौरान 38,850 कृषकों की आधार सीडिंग और 27,640 कृषकों की ई-केवाईसी पूर्ण की गई। इससे पात्र किसानों को योजना का लाभ सुव्यवस्थित रूप से प्राप्त हो सकेगा। अभियान के दौरान नवीन सहकारी कानून का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया गया। प्रस्तावित नवीन को-ऑपरेटिव कोड के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी 11 लाख से अधिक लोगों को प्रदान की गई। नवीन को-ऑपरेटिव कोड से सहकारी क्षेत्र में पारदर्शिता, सुशासन एवं दक्षता को बढ़ावा मिलेगा। अभियान से सहकारिता नेटवर्क को मजबूती मिली है। युवाओं व महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी तथा नए पैक्स गठन से राज्य में सहकारिता का ढांचा और अधिक मजबूत हुआ है। इससे जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच जमीनी स्तर तक सुनिश्चित होगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में सहयोग मिलेगा। राज्य सरकार की ओर से इन सभी कार्यों का सतत फॉलो-अप किया जा रहा है तथा सहकारिता क्षेत्र के व्यापक विकास के लिए आगे भी प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

## सांसद खेल महोत्सव चढ़ा अव्यवस्थाओं की भेंट, चार दिन बाद भी खिलाड़ियों को नहीं मिले किट

### 10 लाख की घोषणा अधूरी



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)।** सांसद खेल महोत्सव में अव्यवस्थाओ का दौर चौथे दिन भी जारी रहा। सुबह से ही सैकड़ों खिलाड़ी किट वितरण की उम्मीद में मैदान में बैठे रहे, लेकिन शाम तक भी हालात पिछले तीन दिनों जैसे ही रहे। किट का न तो वितरण हुआ, न ही कोई जानकारी दी गई।आयोजकों की ओर से 10 लाख रुपये की घोषणा ने खिलाड़ियों में उत्साह तो भर दिया था, लेकिन किट न मिलने से वह पूरी तरह फीका पड़ता नजर आया। कुल 3616 पंजीकृत खिलाड़ियों में से उद्घाटन के दिन मात्र 40 खिलाड़ियों को ही किट दी गई, जबकि शेष खिलाड़ी अब तक खाली हाथ ही खेल रहे हैं ।खिलाड़ियों का कहना है कि लगातार चौथे दिन भी किट न मिलने से उनका मनोबल टूट रहा है। मैदान में हर तरफ नाराज़गी और अव्यवस्था को लेकर चर्चाएँ बनी हुई हैं। इसके बावजूद कबड्डी मुकाबलों में जोश बरकरार रहा। फुलेरा शहर अल्फा, दरबार सांभर, शार्दूलपुरा, नरेना डी और मुंडवाडा टीमों ने फाइनल में जगह बनाई। दर्शकों ने रोमांचक मुकाबलों पर जमकर तालियाँ बजाईं। शारीरिक शिक्षक रमेश कुमार सरावता, कानाराम माली, कन्हैयालाल, कमलेश सैनी, अरुण कुमार मीणा, अशोक शर्मा, स्वाती सिंघाटिया, संगीता कुमावत, मौसम कंवर, लक्ष्मीनारायण चौधरी, सुमित्रा चौधरी, संयोजक मोहित कार्डिया, गणेश सैनी और श्यामलाल सैनी दिनभर मैदान में व्यवस्थाओं में जुटे रहे। स्थानीय लोगों और खेलप्रेमियों में भी नाराज़गी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद किट वितरण में पारदर्शिता नदारद हैं। लोगों ने सवाल उठाया कि घोषणाएँ तो हो जाती हैं, लेकिन ज़मीन पर अमल कब होगा?' लगातार बढ़ती शिकायतों ने आयोजन समिति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि आने वाले दिनों में यह किट विवाद सुलझेगा या फिर खिलाड़ियों की मायूसी यूँ ही बढ़ती रहेगी।

## प्रजापति समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन का लेखा जोखा पेश

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस)।** कस्बे के ग्राम पंचायत हरसुलिया स्थित जय मां दुर्गा गौ शाला परिसर में प्रजापति समाज की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यादें प्रजापति सेवा संस्थान के देखरेख में हाल ही में संपन्न हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। समाज के प्रबुद्धजनों ने सार्वजनिक रूप से कन्यादान में प्राप्त सहयोग राशि का विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान पारदर्शिता बनाए रखते हुए समिति की ओर से सम्मान प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण गणेश विदाई का सांस्कृतिक समारोह रहा। इसमें समाज के युवाओं और वरिष्ठ सदस्यों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार भाग लिया। इस मौके पर पूर्व सरपंच सुनील प्रजापति, बाबूलाल प्रजापति, छीतरलाल प्रजापति, धन्नालाल प्रजापति, कन्हैयालाल, मदनलाल प्रजापति, रोशन, रामू, सीताराम, कजोड़, मुकेश प्रजापति (रेनवाल मांझी), रामप्रसाद और रोडूराम सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। समिति सदस्यों ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, सरल विवाह और पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। आने वाले समय में बड़े स्तर पर सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा भी तैयार की जा रही है।

# उप जिला कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** बढ़ती सर्दी के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए लक्ष्मणगढ़ उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा ने बुधवार को लक्ष्मणगढ़ जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ नगर पालिका अधिशासी अधिकारी नवनीत कुमावत, उपखंड कार्यालय के राजपाल चौधरी भी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय के पीएमओ डॉ. अटल भास्कर ने उपखंड अधिकारी को अस्पताल में डॉक्टरों के रिक्त पदों की स्थिति से अवगत कराया जिसके पश्चात उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा ने तुरंत सीकर जिला सीएचएमओ अशोक महरिया और जेडी से संपर्क कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा ने बताया कि सर्दी के मौसम को देखते हुए जिला चिकित्सालय निरक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाएँ संतोषजनक हैं और मरीजों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

# जानलेवा हमला का फरार आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** उपखंड के भानीपुरा पुलिस ने 7 महीने पहले भानीपुरा पुलिस थाने में दर्ज जानलेवा हमला करने के मुकदमे में कार्रवाई करते हुए 7 महीने से फरार चल रहे बन्धनाऊ उतरादा निवासी हाल सरदारशहर के वार्ड 3 रामनगर बास निवासी 35 वर्षीय देवीलाल पुत्र भंवरलाल जाट को गिरफ्तार किया है। मामले में पूर्व में पुलिस ने जेपी उर्फ सत्यनारायण, हनुमानाराम, जयवीर कुड़ी और किशन करीर को गिरफ्तार किया था भानीपुरा थाना अधिकारी अरविंदसिंह ने बताया कि 3 अप्रैल को भामासी निवासी कैलाश जाट ने कुछ लोगों के खिलाफ शराब के ठेके पर आकर जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज करवाया था। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए जेपी उर्फ सत्यनारायण, हनुमानाराम, जयवीर कुड़ी व किशन करीर को गिरफ्तार किया था। वहीं आरोपी देवीलाल जाट मामले में 7 महीने से फरार चल रहा था। जिसको अब गिरफ्तार किया गया है। वहीं घटना में शामिल अन्य आरोपियों की भी तलाश जारी है। थानाधिकारी ने बताया कि इस कार्रवाई में हेड कॉन्स्टेबल विनोद कुमार, धर्मपाल, धर्मेंद्र कुमार, राजेंद्र प्रसाद की विशेष भूमिका रही हैं।

# सरदारशहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार की मांग

## चूरू जिला ऑटो चालक संघ ने ज्ञापन सौंपा



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के एसडीएम कार्यालय पर चूरू जिला ऑटो चालक संघ के बैनर तले शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर जिला कलेक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक के नाम एसडीएम को ज्ञापन देकर ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि शहर के मुख्य बाजार में इधर-उधर वाहनों के खड़े होने के कारण बाजार में ट्रैफिक जाम की स्थिति रोजाना बनी रहती है। जिसको लेकर ट्रैफिक पुलिस इधर-उधर वाहनों को खड़े करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए तो ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार हो सकता है। वहीं शहर की अन्य सड़कों पर लगने वाले जाम को लेकर भी ज्ञापन में ऑटो चालक संघ ने सुधार की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष प्रकाश भोजक, प्रदीप भार्गव, श्रवण कुमार, महेंद्र कुमार नाई, ताराचंद, राजकुमार, महावीर प्रसाद, भरत कुमार, भादरमल जाट, मनोज भाट, सुनील कुमार सहित अनेक ऑटो चालक संघ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चूरू में 65 वर्षीय बीपीएल महिला को 17 माह से नहीं मिली वृद्धावस्था पेंशन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** चूरू जिला मुख्यालय पर बीपीएल परिवार की 65 वर्षीय महिला को 17 माह से वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिली है। यहां वार्ड नंबर 50 की वृद्ध महिला रामी देवी पुत्री मालाराम पत्नी चंदू राम ने बताया कि वर्ष 2021 में उसकी पेंशन शुरू हुई थी। उसके पी पी ओ नंबर आर जे एस 12913941 है। रामी देवी ने बताया कि नगरपरिषद, समाज कल्याण विभाग और कलेक्ट्री में जाकर कई बार गुहार लगाई फिर भी उसे 17 माह से पेंशन नहीं मिल रही है। उन्होंने बताया कि जीवित प्रमाण पत्र भी जमा करवा दिया है। रामी कचरा बिनकर गुजार कर रही है। पति चंदू राम लंबे समय से बीमार चल रहे हैं। वे बीकानेर के डॉक्टर से उपचार करवा रहे हैं। घर चलाना बहुत मुश्किल हो गया है। पेंशन मिल जाती तो कुछ राहत मिल जाती। रामी ने कहा कि सरकार की पेंशन योजना का लाभ नहीं मिलना बहुत ही गलत बात है। अधिकारी सुनते ही नहीं हैं, कहां जाएं। बीपीएल परिवार की बेहद जरूरतमंद वृद्ध महिला को सरकार की पेंशन योजना का लाभ नहीं मिलना जिला प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर रहा है।

# दिल्ली महारैली को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार

## अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत दिल्ली में आयोजित होने वाली रैली के संबंध में जय निवास पर जिला अध्यक्ष व विधायक मनोज मेघवाल की अध्यक्षता, प्रभारी दिनेश कस्वा के मुख्य आतिथ्य में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रभारी दिनेश कस्वा ने कार्यकर्ताओं से 14 दिसंबर को अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली चलने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि दिल्ली रैली में शामिल होने के लिए कार्यकर्ता बसों व निजी गाड़ियों से जाएंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने रैली के संबंध में विस्तार से जानकारी दी और सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को अलग अलग कमेटियां बना कर जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता विद्याधर बेनीवाल, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तोदी, नगर अध्यक्ष रामवतार शर्मा, लक्ष्मी नारायण केवटिया, ओबीसी प्रदेश सचिव बजरंग सैन, विकास सारण, मनसुख गोदारा, कन्हैयालाल माली, सिराज खान, रामचंद्र गोदारा, हितेश जाखड़, विजय बटेसर, भंवरलाल कूकना, छोटूराम, देवकरण, मोहन मेघवाल, पूर्णाराम, मुंशीराम, महेंद्र डूकिया, राजकुमार इंदौरिया, विवेक लाटा, इकबाल खान, लियाकत खान, जाकिर क्याल, बशीर खान फौजी, रेखाराम मेहरड़ा, इदरीश गौरी, राज कताला, प्रेम सिंह, बलराम खिलेरी, संजय सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

महिला सशक्तिकरण की नई मिसाल

# एक हजार से अधिक महिलाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर बनाया आत्मनिर्भर

## सादुलपुर में 250 महिलाओं को मिला कौशल प्रशिक्षण का प्रमाणपत्र



जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(चूरू)।** नगर सेठ श्रीवर्धन मोहता की ओर से संचालित महिला सशक्तिकरण मिशन के तहत बुधवार को विभिन्न कौशल विकास कोर्सों के प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि एडवोकेट गायत्री पूनिया रहीं। कंप्यूटर, सिलाई, मेहंदी, बुटीक आदि कोर्स पूर्ण करने वाली करीब 250 महिलाओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। प्रमाणपत्र वितरण का कार्य नगर सेठ श्रीवर्धन मोहता, उनकी पत्नी पूनम मोहता, पुत्री श्रेया मोहता तथा मुख्य अतिथि एडवोकेट गायत्री पूनिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं का उत्साह देखने लायक था। समारोह को संबोधित करते हुए श्रीवर्धन मोहता ने कहा कि उनका उद्देश्य क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि उनके मिशन के तहत हर वर्ष कम से कम 200 महिलाओं को रोजगार से जोड़ना उनकी प्राथमिकता है। अब तक वे 1000 से अधिक महिलाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिला चुके हैं, जिनमें से अनेक महिलाएँ रोजगार प्राप्त कर आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि यह अभियान आगे भी पूरे उत्साह से जारी रहेगा। पूनम मोहता और श्रेया मोहता ने कहा कि नारी शक्ति कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त महिलाएँ जब आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ती हैं, तो यह पूरे समाज के लिए प्रेरणा बनता है। मुख्य अतिथि एडवोकेट गायत्री पूनिया ने कहा कि श्रीवर्धन मोहता न केवल महिलाओं बल्कि हर जरूरतमंद की सहायता के लिए सदैव अग्रणी रहते हैं। गर्मियों में पानी की व्यवस्था, सर्दियों में गर्म कपड़ों का वितरण, जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराना और गरीब परिवारों की सहायता जैसे अनेक मानवता से जुड़े कार्यों में उनका योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सादुलपुर को मोहता जी जैसे सेवाभावी व्यक्तित्व पर गर्व है। कार्यक्रम में एडवोकेट गायत्री पूनिया, चैरिटी वर्क सेक्रेटरी पूनम डोरवाल, मोहता कॉलेज प्राचार्य प्रताप सिंह, राठौड़ मोहता हवेली के लेखाकार मनीष शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# अभिभाषक संघ चुनाव: अध्यक्ष-सचिव पद पर सीधी टक्कर, कई पदों पर निर्विरोध चयन

जयपुर टाइम्स



**सादुलपुर(निसं.)।** अभिभाषक संघ सादुलपुर के 12 दिसंबर को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन सूची जारी कर दी गई है। वहीं सूची के बाद से ही बार में सरगर्मियां तेज हो गई है। बुधवार दोपहर बाद पूरा चुनावी माहौल नजर आया। प्रत्याशी अपने साथियों से संपर्क साधते नजर आए, वहीं अपने अपने उम्मीदवारों की जीत का दावा करते हुए मतदाता भी पूरे उत्साह में नजर आए। 8 दिसंबर को हुए नामांकन दाखिले के बाद अध्यक्ष और सचिव पद पर इस बार आमने-सामने की कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी।

### अध्यक्ष पद पर दो दावेदार आमने-सामने:

अध्यक्ष पद के लिए अजित पचार और रामसिंह बैरवाल के बीच सीधा मुकाबला है। दोनों प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। सचिव पद के लिए मान महेंद्रसिंह सोनगरा और एडवोकेट विजय प्रजापत के बीच मुकाबला रहेगा। दोनों उम्मीदवारों ने अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए प्रचार तेज कर दिया है।

### इन पदों पर निर्विरोध चयन:

कोषाध्यक्ष पद पर सुनील बसेर, उपाध्यक्ष पद पर रोहताश महला और पुस्तकालयाध्यक्ष पद पर दयाचंद कोठरी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं।

### कल होगा मतदान:

निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट गिरधारी लाल रैगर ने बताया कि 12 दिसंबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद शाम 4 बजे से 5 बजे तक मतगणना की जाएगी। परिणाम इसी दिन घोषित कर दिए जाएंगे।

# रिसर्च मेथोडोलॉजी पर दो दिवसीय व्याख्यान माला



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** श्री भगवानदास तोदी महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग के तत्वाधान में 8 व 9 दिसंबर को दो दिवसीय रिसर्च मेथोडोलॉजी विषय पर व्याख्यान माला का सफल आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत ने बताया कि विद्यार्थियों में शोध के प्रति रुचि विकसित करने और उनमें नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस मोदी विश्वविद्यालय, लक्ष्मणगढ़ के स्कूल ऑफ बिजनेस से जॉइंट डीन (एडमिशन) व सहायक आचार्य डॉ. राहुल सिंह शेखावत मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने रिसर्च मेथोडोलॉजी की प्रारंभिक दो इकाइयों को विस्तारपूर्वक समझाते हुए शोध की मूल अवधारणाओं, समस्या चयन, साहित्य समीक्षा तथा शोध प्रारूप जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। डॉ. शेखावत ने शोध में नैतिकता और ईमानदारी के महत्व को भी पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से प्रभावी ढंग से स्पष्ट किया।द्वितीय दिवस के मुख्य वक्ता मोदी विश्वविद्यालय के ही सह आचार्य प्रोफेसर नरेंद्र कुमार रहे। उन्होंने डेटा विश्लेषण, सांख्यिकी उपकरणों के उपयोग, प्राथमिक व द्वितीयक डेटा संग्रह की विधियों और शोध रिपोर्ट लेखन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। दो दिवसीय व्याख्यान माला का संचालन अंग्रेजी विभाग की सहायक आचार्या रिमझिम शेखावत के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में रिमझिम शेखावत ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ व स्नातकोत्तर वर्ग के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भामाशाह ने की राजकीय विद्यालय में अलमारी भेंट

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** हनुमान प्रसाद सीताराम सेवा समिति ने बुधवार को ग्राम कादिया के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक अलमारी भेंट की। समिति के अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने विद्यार्थियों को चॉकलेट वितरित की। प्रधानाचार्य विनोद कुमार सिसोदिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी इंद्रराज खीचड़, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सीताराम शर्मा, कृष्णा देवी शर्मा, मीतू दाधीच, जिप सदस्य पप्पूराम कड़वासरा, भामाशाह प्रेरक शिक्षक राकेश गहलोत, सादाराम मेघवाल, उप प्राचार्य सुरेश कुमार मंचस्थ अतिथि रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि इंद्रराज खीचड़ ने अपने उद्बोधन में शिक्षा को जीवन के विकास में सर्वोपरि बताते हुए सभी विद्यार्थियों से पूर्ण मनोयोग से शिक्षा ग्रहण करने पर बल दिया। समिति के अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने समिति के सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए समाज के विकास में सभी से सहयोग का आह्वान किया। प्रधानाचार्य विनोद सिसौदिया ने समिति की ओर से राजकीय विद्यालयों में दिए जा रहे सहयोग को अनुकरणीय बताते हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस मौके पर व्याख्याता मनफूल सिंह महला, अमित सिंह, अंजू, बुद्धराम कुमावत, अशोक कुमार, इंदिरा, संतोष सामोता, रमेश कुमार, राकेश सिसौदिया, मोनिका, रीना, मनीष कुमार, चंद्रकांत सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे संचालन व्याख्याता अंजू ने किया।

# 70 जरुरतमंद बच्चों को लायंस क्लब ने बांटे स्वेटर

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** लायन्स क्लब डायमंड की ओर से राजकीय आचार्य महाप्रज्ञ उच्च माध्यमिक विद्यालय बंधनाऊ उत्तरादा में 70 जरुरतमंद छात्र- छात्राओं को गर्म स्वेटर वितरीत किए गए। क्लब मीडिया प्रभारी अंजना भोजक ने बताया कि मदनलाल पारीक बरजांगसर के सहयोग से स्कूल में 70 बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर लायन अनिल गोयल, अध्यक्ष किशोर भारद्वाज, सचिव लायन सुशील भोजक, लायन घनश्याम बोचीवाल, महेंद्र निर्वाण, सागर झेंडू, विपिन गोयल, मुबारक तुगलक आदि उपस्थित रहे। विद्यालय प्राचार्य ने क्लब का आभार व्यक्त किया।

# शहीद मोहनसिंह का 54 वाँ शहादत दिवस मनाया

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** उपखंड क्षेत्र के नरोदडा गांव में शहीद मोहनसिंह ख्यालिया का 54 वाँ शहादत दिवस शहीद भारतीय स्कूल के निदेशक रामस्वरूप महला की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम के आरंभ में मंचस्थ शहीद वीरांगना देऊ देवी, प्रशासक महेंद्र सिंह ख्यालिया, शिक्षाविद रामसिंह शिवरान, पंचायत समिति के पूर्व सदस्य अमृत ख्यालिया, कर्नल विजेंद्र सिंह, सूबेदार रणजीत गढ़वाल, सूबेदार भागीरथ सिंह डुडवा, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के सूबेदार फूलसिंह, वारंट ऑफिसर महावीर मातवा आदि अतिथियों ने शहीद मोहनसिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमित्रा-रामेश्वर सिंह ख्यालिया ने शहीद वीरांगना का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।शहीद भागीरथ सिंह पूनिया (जाजोद), शहीद लियाकत अली ख़िरवा, शहीद जयपाल सिंह चलका व शहीद शिशुपाल सिंह बगड़िया के परिजनों का शॉल ओढ़ाकर विशेष सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि कर्नल विजेंद्र सिंह ने कहा कि देश की सेवा में अपने प्राणों की आहूति देने वाले राष्ट्र की धरोहर हैं जो सदैव अमर रहते हैं। शिक्षाविद रामेश्वर सिंह ने शहीद की मूर्ति पर ग्रामीणों ने शीश नवाने की परंपरा का उल्लेख किया। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता में विजयी रहे प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। भारतीय स्कूल के निदेशक ने घोषणा की है कि उनके स्कूल में पढ़ने वाले शहीद परिवार के बच्चों को विशेष छूट प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम को पूर्व शिक्षा उपनिदेशक भंवरलाल जांगिड़, सूबेदार जमालुद्दीन, हवलदार सार्दुल खान, भागीरथ थानेदार ने भी संबोधित किया। खेल संयोजक जीताराम भूकर, निर्णायक कैप्टेन शिवराम ख्यालिया, रामकुमार थानेदार, भंवरलाल जांगिड़, अशोक ख्यालिया, घीसालाल ख्यालिया, राकेश भूकर का विशेष सम्मान किया गया। समारोह में हवलदार तुलछाराम, रामचंद्र, मदनलाल, मोहन बाबूजी, नंदलाल जांगिड़, अशोक ग्रामसेवक, नौरंग बाबूजी, गोपाल ख्यालिया,श्रवण उस्ताद, भगवाना राम भूकर, किरोड़ीमल भूकर, शंकरलाल जांगिड़, परमेश्वर लाल शर्मा, प्राचार्य मातादीन शर्मा, सुखराम ख्यालिया, श्रवण कुमार, पूरणमल भूकर, बनवारीलाल शर्मा, सूबेदार छत्र खान, रोशन अली, लेफ्टिनेंट शमशेर अली, संसार सिंह मील, महेश शर्मा, रतनलाल ख्यालिया, सूबेदार दान सिंह चौधरी, सूबेदार रविंद्र सिंह, हवलदार सुरेंद्र ढाका, कैप्टन कानसिंह, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालिका विद्यालय, अंग्रेजी माध्यम स्कूल, बैंक के स्टाफ, शहीद परिवार के सदस्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व महिलाएं उपस्थित रहे। कैप्टेन शिवराम सिंह ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप दाधीच ने किया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

CMYK